■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक -51

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 20 जनवरी , 2025



महाकुंभ में इंतजामों को लेकर अखिलेश ने उठाए योगी सरकार पर सवाल

सरसैया घाट की जगह भैरो घाट जल समाधि लेने पहुंचे वीरेन्द्र कुमार 7

मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी भोज का किया गया आयोजन 8

## महाकुंभ मेले में लगी आग पर फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

### घटना स्थल पर पहुंचे सीएम योगी से पीएम मोदी ने फोन पर की बात





प्रयागराज। महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में रविवार को एक शिविर में पुआल में लगी आग तेजी से फैल गई और आग की चपेट में आने से करीब 18 शिविर जल गए। हालांकि अग्मिशमन कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे सेक्टर 19 में आग लगने की सूचना मिली और तुरंत दमकल की गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं।

उन्होंने बताया, करीब एक घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। आग बुझाने में करीब 15-16 गाड़ियां लगाई गई थीं। इस आग में 18 तंबू जलकर नष्ट हो गए। आग फैलने के दौरान कई एलपीजी सिलेंडरों में विस्फोट भी हुआ।卐 शर्मा ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मौके का निरीक्षण किया।

अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना की पूरी जानकारी ली। उनके अनुसार, 卐मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को संपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया तथा मुख्यमंत्री ने बताया कि कुशल दमकल कर्मियों के साथ-साथ एनडीआरएफ, व एसडीआरएफ की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

प्रयागराज के जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे गीता प्रेस के शिविर में आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस, प्रशासन और अग्निशमन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि गीता प्रेस से लगे प्रयागवाल के करीब 10 तंबू में भी आग फैलने की सूचना मिली थी तथा स्थिति सामान्य हो गई है और किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है।

इससे पहले महाकुंभ नगर के अखाड़ा पुलिस थाना के प्रभारी भास्कर मिश्रा ने बताया था ''महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में दो एलपीजी सिलेंडर फट गए, जिससे शिविरों में भीषण आग लग गई।卐 महाकुंभ 2025 के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से जारी पोस्ट में कहा गया, ''बहुत दुखद! महाकुंभ में आग की घटना ने सभी को झकझोर दिया है। प्रशासन तत्काल राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित कर रहा है। हम सभी की सुरक्षा के लिए मां गंगा से प्रार्थना करते हैं।'' सोशल मीडिया मंच से एक वीडियो क्लिप भी साझा किया गया है, जिसमें प्रभावित क्षेत्र से काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा है। महाकुंभ 2025 की शुरुआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा से हुई और यह 26 फरवरी तक चलेगा। शनिवार तक उपलब्ध आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 7.72 करोड़ से अधिक लोगों ने अबतक संगम में पवित्र डुबकी लगाई है। अधिकारियों ने बताया कि अकेले रविवार (आज) को ही 46.95 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की सीएम योगी से बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना के बारे में जानकारी लेने के लिए रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने घटना के बाद फोन पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से बात की। अधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ मेले में घरेलू एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट के कारण सेक्टर 19 में 18 टेंट जलकर खाक हो गए। सरकार ने एक बयान में कहा कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कुंभ मेला के मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 15 गाड़ियों को लगाया गया है। बताया जा रहा है कि सिलेंडर लीक होने से आग लगी है। अन्य सिलेंडरों को लेकर लोग बाहर की ओर भागते जा रहे हैं। मौके पर सभी रेस्क्यू दल पहुंच चुका है। एनडीआरएफ भी मौके पर आ गई है। शिविर के अंदर से लगातार हल्के हल्के विस्फोट की आवाजें भी आ रही हैं। मौके पर एंबुलेंस भी लाई गई है। मुख्य अग्निशमन शिविर से चार बड़ी फायर बिग्रेड और आठ बुलेट भी रवाना की गई है।

## मुख्यमंत्री आतिशी ने किया दावा, अरविन्द केजरीवाल को खत्म करने की कोशिश कर रही बीजेपी



नई दिल्ली।दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अरविंद केजरीवाल को 'खत्म' करने की साजिश रच रही है। उन्होंने दावा किया कि नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल की कार पर हुए कथित हमले में शामिल लोगों में से एक को प्रवेश वर्मा के साथ अक्सर देखा जाता है।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने दो लोगों की तस्वीर भी जारी की, जिनकी पहचान शैंकी और रोहित त्यागी के रूप में हुई है, उन्होंने कहा कि वे भाजपा के सदस्य हैं और नई दिल्ली विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के करीबी सहयोगी हैं।

आतिशी ने कहा, कल नई दिल्ली में नई दिल्ली विधानसभा के अंदर अरविंद केजरीवाल की कार पर हमला किया गया। यह हमला भाजपा के गुंडों द्वारा किया गया था। अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाले लोग कौन थे? करीब से देखने पर पता चला कि एक नाम है- शैंकी, जो भाजपा का उपाध्यक्ष है और अक्सर अपने इलाके में प्रवेश वर्मा के पोस्टर लगाता हुआ दिखाई देता है। इसके अलावा, वह अक्सर प्रवेश वर्मा के साथ पाया जाता है। प्रचार के दौरान शैंकी प्रवेश वर्मा के साथ निकटता से जुड़ा रहता है।

आतिशी ने आगे बताया कि शैंकी उर्फ राहुल का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई मामले लंबित हैं। उन्होंने बताया, उसके खिलाफ गंभीर आरोप दर्ज हैं, जिसके तहत उसे सात साल तक की सजा हो सकती है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी आरोप दर्ज हैं। शकरपुर थाने में उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और डकैती के आरोप लंबित हैं और उन मामलों में कार्रवाई चल रही है। पहाड़गंज थाने में भी उसके खिलाफ डकैती और मारपीट का मामला दर्ज है। उसके जैसे कट्टर अपराधियों पर पहले से ही डकैती और डकैती के दौरान हत्या के आरोप हैं, जिन्हें अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के लिए भेजा गया था।

संजय सिंह ने इस मुद्दे पर कहा, भाजपा विधानसभा चुनाव में हमें हराने में असमर्थ है, इसलिए वह अरविंद केजरीवाल को अपने रास्ते से हटाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। राजधानी में पांच फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है और नतीजों की घोषणा आठ फरवरी को की जाएगी।

## सैफ के हमलावर को कोर्ट ने 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा

मुंबई। सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी मोहम्मद शहजाद को गिरफ्तारी के बाद बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को 5 दिन की कस्टडी में भेज दिया। रविवार (19 जनवरी) तड़के ही आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को पुलिस ने मुंबई के ठाणे से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद अब उसे बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया। मजिस्ट्रेट ने आरोपी से उसका नाम पूछा और पूछा कि क्या उसे पुलिस के खिलाफ कोई शिकायत है। इससे उसने इनकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी का हेड कवर हटाया, तो उसने मजिस्ट्रेट को अपना नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद बताया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुंबई पुलिस ने आरोपी मोहम्मद शहजाद की 14 दिन की कस्टडी की मांग की थी, जिसका बचाव पक्ष ने विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने आरोपी को 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया।पुलिस ने बताया कि हमें घटनास्थल से चाकू मिला है। लीलावती हॉस्पिटल में हमने सैफ के शरीर से निकला चाकू बरामद किया है। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने पर पता चला कि वह बांग्लादेशी नागरिक है।

## बिहार के कटिहार नाव हादसे में तीन लोगों की मौत, 11 लापता

बिहार कटिहार। बिहार में कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी करीमुल्लापुर पंचायत के गोला घाट पर रविवार सुबह दर्दनाक नाव हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जिसमें 35 व 40 वर्ष के दो युवक और एक ढाई वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे में 11 लोग लापता है।दक्षिणी करीमुल्लापुर के मुखिया जेपी यादव ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि आज सुबह करीब आठ बजे मेघु टोला गोला घाट से एक ड़ेंगी नाव सकड़ी (झारखंड) के लिए खुली। जिसपर छमता से ज्यादा (नाविक सहित 18) लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि नाव गंगा धार के विपरीत झारखंड जा रही थी। बीच धार में हवा की वजह से नाव पलट गई।मुखिया ने बताया कि घटना के बाद नाविक तैर कर बाहर आ गया। झारखंड जा रही दूसरी नाव सवार ने सात लोगों को गंगा नदी से निकाल कर गोला घाट लाया। जिसमे तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। हादसे में घायल चार लोगों को स्थानीय अस्पताल में भरती कराया

## कबाड़ की 12 दुकानों में लगी आग, 3 गाड़ियों की मदद से पाया काबू

लखनऊ। भूतनाथ मार्केट के सामने एलडीए के कैलाशकुंज मार्केट में रविवार शाम भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटें अवैध तरीके से कब्जा की गयी 12 कबाड़ की दुकानों में पहुच गई। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही दमकल की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग से दुकानों में रखा कबाड़ का सारा सामान जल गया।

सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि दो मंजिला कैलाशकुंज मार्केट में बेसमेंट भी है। यहां करीब 150 दुकानें हैं। बेसमेंट में ज्यादातर दुकानें खाली पड़ी है। उन पर लोगों ने कब्जे कर कबाड़ की दुकानें खोली हैं। जिन दुकानों में आग लगी, उनमें से अधिकांश काफी समय से बंद पड़ी हैं। वहीं, कुछ में सब्जी- पूड़ी की दुकान और कार्यालय बना है। हादसे के समय सभी दुकानें बंद थी। शाम करीब 7 बजे बेसमेंट में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटें देख लोगों ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी।

सूचना मिलते ही इंदिरानगर फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। फिर गोमतीनगर से एक गाड़ी बुलायी गयी। मौके पर पहुंची टीम ने आग बुझाना शुरू किया। इस दौरान आग के कारण लोहे के शटर गिर गए। बेसमेंट में धुआं भर गया। धुआं निकलने की जगह न होने के कारण दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया था। आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान की आशंका जतायी जा रही है।तालकटोरा थाना क्षेत्र में रविवार को ट्रासंफार्मर वर्कशाप में आग लग गई। जिससे भारी मात्रा में सामान जल गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अभी तक आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि दोपहर में तालकटोरा के एवरेडी चौराहे पर एक ट्रांसफार्मर की वर्कशॉप में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर आलमबाग फायर स्टेशन से एक और चौक फायर स्टेशन से दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल टीम ने वर्कशाप कर्मचारियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह आग शेड नंबर तीन में लगी थी।

## दोषी संजय रॉय की मां ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया



कोलकाता।आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में सियालदह कोर्ट ने शनिवार को आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया। कोर्ट के फैसले पर आरोपी की मां मालती रॉय की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि मेरी तीन बेटियां हैं, मैं उनका (पीड़िता के माता-पिता का) दर्द समझती हूं।रॉय की बहन सबिता ने कहा, मेरे भाई ने जो किया है, वह अकल्पनीय और भयानक है। यह कहते हुए मेरा दिल टूट जाता है, लेकिन अगर उसने ऐसा किया है, तो उसे अंतिम सजा मिलनी चाहिए। पीड़िता मेरी तरह एक महिला थी, और एक डॉक्टर थी। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना है कि वह अकेले ऐसा नहीं कर सकता। वे कहते हैं कि वह नशे में भी था। बता दें, मुकदमे के दौरान जब संजय हिरासत में था, तब उनकी मां और बहन उससे मिलने नहीं आई थीं।

संजय की गिरफ्तारी के बाद के हालातों के बारे में बताते हुए सबिता ने कहा, जिस दिन से मेरे भाई को गिरफ्तार किया गया है।

घर से बाहर कदम नहीं रखा। मेरे पड़ोस में लोग हमारे परिवार के बारे में बहुत बुरी बातें कर रहे हैं। हर शनिवार को मैं एक स्थानीय मंदिर में जाती थी।

मैंने वह भी बंद कर दिया है। उन्होंने आगे बताया कि रॉय की गिरफ्तारी वाले दिन उनके ससुराल वालों ने उन्हें काफी कुछ सुनाया था।

## भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर हंगामा, मालदा में सीमा पार से फेंके गए गैस बम

### जवानों ने आत्मरक्षा के तौर पर जवाबी कार्रवाई करते हुए तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया और 10 सांड़ बरामद किए



कोलकाता। मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर शनिवार को भारी बवाल होने की सूचना है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो फसल काटने को लेकर ग्रामीणों और बांग्लादेशी सैनिकों से बहस हुई। कहा जा रहा है कि इस दौरान बांग्लादेश की ओर से बीएसएफ के जवानों पर हमला किया। एबीपी न्यूज के मुताबिक, हंगामे के दौरान कुछ जवानों के घायल होने की खबर है। हालांकि अर्द्धसैनिक बल की ओर से कोई बयान नहीं आया है। इससे पहले उत्तरी 24 परगना जिले में सीमा पर बवाल की खबर आई थी। जानकारी के मुताबिक, बांग्लादेश से लगती बंगाल के मालदा जिले की सीमा पर किसान अपनी खेती करते हैं। शनिवार को बांग्लादेश की तरफ से कुछ जवान आए और जबरन फसल काटने लगे। इस दौरान हुए विवाद के बाद मौके पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए। मौके पर सीमा सुरक्षा बल के जवान भी पहुंचे।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो बांग्लादेश की तरफ से गैस बम फेंके गए। इसमें दो जवान घायल हो गए। इसके बाद जवानों ने बांग्लादेशियों को खदेड़ दिया। इससे पहले नौ जनवरी की रात में बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बांग्लादेश के मवेशी तस्करों ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर हमला किया। जवानों ने आत्मरक्षा के तौर पर जवाबी कार्रवाई करते हुए तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया और 10 सांड़ बरामद किए। बीएसएफ कर्मियों ने खुटादाह सीमा चौकी (बीओपी) पर तस्करों को मवेशियों के साथ भारतीय सीमा की बाड़ के पास आते देखा। इस दौरान वह तस्कर बांग्लादेश की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके भारत में घुस आए। बीएसएफ जवानों की ओर से उन्हें रुकने के लिए जो चेतावनी दी गयी, तस्करों ने उसे नजरअंदाज कर दिया। वह आक्रामक तरीके से आगे बढ़े और धारदार भालों का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने सीमा की बाड़ को काटने की कोशिश की। इसके जवाब में बीएसएफ के एक जवान ने चेतावनी के तौर पर एक खाली गोली चलाई।

## संपादकीय

### धधकता लास एजेंलिस

लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फैलने और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। जंगल की आग ने भड़कने के बाद कई शहरी इलाकों को चपेट में ले लिया। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों व सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब बारह लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है। बारिश की कमी से सूखा और तेज हवाएं आग में घी का काम करती हैं। मौसम का गरम रहना व बारिश की कमी भी आग के लिए ज्वलनशील परिस्थितियां बनाते हैं। इस बार आग को भड़काने में सौ मील प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली सेंटा एना हवाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। इस बार ये हवाएं असामान्य रूप से बहती रही हैं। इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है।

# अपनी निजी दुनिया के भी मालिक नहीं हैं हम

**शायद न्यायालय आदर्श दंपति की तस्वीर पेश करने का प्रयास कर रहा है – दो बच्चों के साथ 'हम दो, हमारे दो' वाले आदर्श पति-पत्नी। शायद यह सोच अवचेतन रूप से उस संस्कारी आदर्श का अनुकरण करने से बनी है, जिसे दक्षिणपंथी बढ़ावा देते हैं, जिसमें परिवार का मुखिया पुरुष है और उसका साथ देने वाली महिला रूपी मां जो बच्चों को सुरक्षा एवं देखभाल प्रदान करे। शायद यह सच में मान बैठी है कि ऐसे मामलों से उसका सरोकार नहीं जिनके बारे में संसद या राज्य विधानसभाओं को ही बेहतर जानना चाहिये।शायद सर्वोच्च न्यायालय को यह अहसास नहीं है नेटफ्लिक्स पर मिर्जापुर जैसे धारावाहिकों के ज़रिये जीवन के पहलू पर एक नज़र डालें – या फिर अन्ना करेनिना के पहले अध्याय अथवा महाभारत धारावाहिक पर– ये आपको समाज की ऊपरी सतह के नीचे व्याप्त निरंतर अराजकता का कुछ अंदाज़ा लगाने के लिए काफी है। यही इस लेख का उद्देश्य है।**




समलैंगिक जोड़ों को विवाह की अनुमति देने से इनकार का हालिया मामला निजी पसंद पर नियंत्रण के विचार की ही स्थापना कहा जा सकता है। समीक्षा याचिका खारिज कर प्रभावी रूप से लाखों समलैंगिक जोड़ों को बताया जा रहा था कि वह बेहतर जानता है। हालांकि कानून और अदालतों को वयस्कों द्वारा आपसी सहमति से जुड़े मामलों में दखलअंदाजी नहीं करनी चाहिये।शुक्रवार को द ट्रिब्यून में दो खबरें छपीं, एक थी पंजाब में बिगड़ते लिंगानुपात पर और दूसरी देश में कहीं भी समलैंगिक जोड़ों को विवाह करने की अनुमति देने से सुप्रीम कोर्ट के इनकार को लेकर, प्रथम दृष्टया ये दोनों एक-दूसरे से अलग और असंबद्ध लग सकती हैं। लेकिन प्रिय पाठक जरा गौर से बांचें। दोनों को जोड़ने वाली एक चीज़ कॉमन है – एक ऐसी चीज़ जो किसी की निजी पसंद के विचार का विरोध करती है। आप क्या पहनेंगे, किसके साथ बाहर जाएंगे, किसे वोट देंगे, क्या खाए-पीएंगे, किससे-कैसे-कब और क्यों शादी करनी है, जिससे आप शादी करना चाहते हैं वह कौन होज्शायद इस किस्म की रोकों की शुरुआत तब से होने लगती है, कि क्या आप अपनी कन्या के भ्रूण को गर्भावस्था काल पूरा करने और एक पूर्ण विकसित शिशु बनने की अनुमति देते हैं।सच तो यह है कि द ट्रिब्यून में छपी ये दोनों खबरें नियंत्रण बनाने के विचार से जुड़ी हुई हैं। किसी को यह पसंद नहीं है कि आप एक कन्या हैं, इसलिए आपसे छुटकारा पाना चाहता है। किसी और को यह पसंद नहीं है कि आप समान लिंग के किसी व्यक्ति से विवाह कर रहे हैं, भले ही आप उस व्यक्ति से प्यार करते हों, क्योंकि यह 'पवित्र विवाह' के प्रचलित विचार के विरुद्ध है। विवाह एक सामाजिक अनुबंध मात्र है और उसे उन छवियों के आधार पर भंग करना गवारा नहीं, जो मुझे मंजूर नहीं। मुझे नियंत्रण रखना चाहिए। मैं ही न्यायाधीश, मैं ही ज्यूरी और सजा को अमल में लाने वाला भी, और मैं आपसे बेहतर जानता हूं।

अजीब बात यह है कि यह कोई और नहीं बल्कि इस संविधान का रक्षक सर्वोच्च न्यायालय है – जिसकी 75वीं वर्षगांठ हमने कुछ सप्ताह पहले ही बहुत जोर-शोर से मनाई थी – वह इस मामले में आगे होकर मुख्य भूमिका निभा रहा है। इसलिए, जब न्यायालय ने बीते गुरुवार को समलैंगिक जोड़ों को विवाह की अनुमति से इनकार करने वाले 2023 के एक फैसले को चुनौती देने वाली एक समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया – जिसे कई ने संविधान के तहत उनके मौलिक अधिकारों के हनन के रूप में चुनौती दी थी – तो यह प्रभावी रूप से लाखों समलैंगिक जोड़ों को जता रहा था कि वह बेहतर जानता है। अब, आइए इस बारे में एक पल विचार करें। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों वाली पीठ– जिनमें से एक हमारे ही पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एक काबिल बेटे, जस्टिस सूर्यकांत हैं – ने मूल रूप से घोषणा कर दी कि आप किससे शादी कर सकते हैं और किससे नहीं, इस बारे में यह अदालत फैसला करेगी। यह ठीक है कि आप भले ही अपने बेडरूम के बंद दरवाजों के पीछे जो चाहें करें,लेकिन सार्वजनिक तौर पर आपको कुछ सामाजिक नियमों का पालन करना होगा। यहां पर यह हम बेबस लोगों के लिए एक संदेश है – साधारण लोगों में वो, जिन्हें समान लैंगिक वर्ग के इंसान से प्यार है और उनके साथ जीवन बिताना चाहते हैं और गोद लेकर अथवा सरोगेसी के जरिये अपने बच्चे पैदा करना चाहते हैं,संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी लेते हैं और साथ में छुट्टियां मनाने जाते हैं और स्कूल के आवेदन पत्रों पर गर्व से लिखते हैं कि हम दोनों इस बच्चे के माता-पिता हैं। उनके लिए संदेश यह है : 'वे अपनी निजी दुनिया के मालिक नहीं हैं'। यह कि समलैंगिक और विषमलैंगिक जोड़ों के बीच 'लक्ष्मण रेखा' पूरी तरह स्थापित है और मजबूती से है, और यदि हम इसे पार करने की हिमाकत करते हैं, तो हमें इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे। बिना शक, माननीय पीठ ने खुद पर भेदभाव करने के प्रत्याशित आरोप से बचने को कहा : विवाह का 'मनमाफिक अधिकार नहीं है'। हालांकि किसी विषमलैंगिक जोड़े को यह समझाने की कोशिश करें(न तो यह लेख वैवाहिक बलात्कार को अपराध मानने से न्यायालय के लगातार इनकारों की तरफ इशारा कर रहा है या न ही इस बिंदु पर कि कोई अविवाहित महिला सरोगेट मातृत्व के जरिए बच्चे को जन्म क्यूं नहीं दिलवा सकती – अन्य विवादास्पद मामलों को न भी छेड़ें तो)।तो बात यह है। साल 2018 में, एक साहसी और निडर निर्णय में सुप्रीम कोर्ट ने धारा 377 को खारिज कर दिया था, ऐसा करते हुए हमारे इतिहास की किताबों में उस धारा को जड़ से हटा दिया, जिसमें 1861 के युग के कानून के तहत दो समलैंगिकों के बीच यौन संबंध बनाने को अपराध घोषित कर रखा था। सर्वोच्च न्यायालय का इस पर आया फैसला बिल्कुल सही काम था और देश ने न्यायालय की श्लाघा की, क्योंकि यह समान अधिकारों के पक्ष में एक कदम था। यह संविधान की भावना के पक्ष में था। वर्तमान याचिकाएं धारा 377 को न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद अगला स्वाभाविक कदम थीं। यह कि समलैंगिक जोड़ों की मांग थी कि अब जब आपने हमें कोठरी से बाहर आने दिया है, तो हमें भी आपके जैसा बनने दें।अब सीधे आते हैं, बीते गुरुवार पर, जिस दिन समलैंगिक शादी की अनुमति से इनकार करके, माननीय न्यायालय सीधा यह कहना चाह रहा है कि दो समलैंगिक वयस्कों के बीच ऐसे रिश्ते को औपचारिक रूप देना बिल्कुल भी ठीक नहीं है। बेशक, सवाल यह उठेगा कि क्यों। क्योंकर पांच या वास्तव में आठ जज – अगर आप 2023 के फैसले में शामिल उन जजों को भी गिन लें, जिसमें एक पीठ के तीन न्यायाधीशों का झुकाव समलैंगिक विवाह को जीवन-बंधन की सीमा से बाहर रखने के पक्ष में था – को ऐसा क्यों लग रहा है कि प्रेम और विवाह के बारे में वे उन लोगों से ज़्यादा जानते हैं जो वास्तव में इसे जी रहे हैं? उन्हें ऐसा क्यों लगता है कि वे बेहतर जानते हैं? क्या वे वाकई बेहतर जानते हैं?

दरअसल, नियंत्रण बनाने का यह प्रयास आरंभ से ही शुरू हो जाता है, ठीक उस समय से, जब आप एक भ्रूण होते हैं, यहां तक कि एक बच्चा बनने से भी पहले से, एक महिला/पुरुष की तो बात ही छोड़िए। साल 1994 में, भारत ने 'गर्भाधान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम' नामक एक कानून पारित किया था।

# भारत क़े जम्मू कश्मीर में इंजीनियरिंग का चमत्कार

गोंदिया ।वैश्विक स्तरपर पृथ्वी लोक का स्वर्ग कहे जाने वाला जम्मू कश्मीर भारत का एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हर कोई जाना चाहता है। मेरी भी अभिलाषा है कि मैं एक बार पृथ्वी के इस स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर की वादियों में जाऊं परंतु कनेक्टिविटी जलवायु परिवर्तन, मौसम की मार व सबसे बड़ा डर आतंकवाद का था जिसको कंट्रोल करने 5 अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को संसद के दोनों सदनों में पारित कर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अनुच्छेद 370 रद्द हो गया व भारत की आन बान शान कहे जाने वाले कश्मीर के विकास के लिए नए अध्याय जोड़ने का क्रम शुरू हो गया है, जिसका नतीजा यह हुआ कि आज सोनमर्ग टनल व चिनाब रेल ब्रिज सबके सामने है।हालांकि इन दोनों सबसे बड़ी परियोजनाओं को 10-20 वर्ष पहले से ही शुरू कर दिया गया था परंतु वर्तमान मैं यह दोनों सेवाएं नागरिकों की सेवार्थ तैयार हैं जिनमें से सोनमर्गटनल का शिलान्यास माननीय पीएम ने 13 जनवरी 2025 को किया है, अब शीघ्र ही चिनाब रेल ब्रिज पर भी यात्रियों को लेकर ट्रेन दौड़ने लगेगी, जो शायद इस जनवरी 2025 की एंडिंग तक होने की संभावना है। चूँकि जम्मू कश्मीर से लिखी दुनियाँ की हैरान करने वाली गाथा, सोनमर्ग टनल व चिनाब रेलवे ब्रिज़ की अद्भुत इंजीनियरिंग पर दुनियाँ में टेका माथा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियाँ का स्वर्ग कहीं जाने वालेभारत क़े जम्मू कश्मीर में इंजीनियरिंग का चमत्कार, सोनमर्ग टनल व चुनाव रेल ब्रिज तैयार।



साथियों बात अगर हम 13 जनवरी 2025 को सोनमर्ग टनल की स्थिति की करें तो, नेशनल हाईवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस टनल को इंजीनियरिंग का चमत्कार और क्षेत्र के लिए गेम चेंजर बताया है। साथ ही कहा कि यह परियोजना न केवल यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाएगी, बल्कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच सामाजिक व आर्थिक विकास को भी गति देगी।जेड मार्ड टनल के साथ ज़ोजिला टनल का काम 2028 तक पूरा होगा। यह क्षेत्रीय रक्षा रसद और यातायात को सुगम बनाएगी, इससे लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के बीच जुड़ाव और विकास को नई दिशा मिलेगी। टनल के लाभ (1) सोनमर्ग टनल गगनगीर से सोनमर्ग तक निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी (2) राष्ट्रीय राजमार्ग-1 पर यात्रा की दूरी 49 किमी से घटकर 43 किमी हो जाएगी। (3) वाहनों की गति 30 किमी/घंटा से बढ़कर 70 किमी/घंटा हो जाएगी। (4) यह टनल क्षेत्र के पर्यटन और व्यापार में तेजी लाने में सहायक होगी टनल का रणनीतिक महत्व (5) सोनमर्ग और गगनगीर को जोड़ने वाली यह टनल 8,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसमें आपातकालीन स्थिति के लिए 7.5 मीटर चौड़ा समानांतर मार्ग है। ये टनल लद्दाख को पूरे साल सड़क मार्ग से जोड़ने के साथ-साथ देश की रक्षा जरूरतों और क्षेत्रीय विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

साथियों बात अगर हम दिनांक 13 जनवरी 2025 को माननीय पीएम द्वारा इस अवसर पर किए गए 27 मिनट क़े संबोधन को पांच पॉइंट्स में देखें तो (1) सोनमर्ग टनल से लोगों की जिंदगी आसान होगी पीएम ने 27 मिनट के भाषण में कहा, जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। इससे सोनमर्ग के साथ करगिल और लेह के लोगों की जिंदगी भी बहुत आसान होगी। अब बर्फबारी के दौरान एवलांच से या बरसात में होने वाली लैंड स्लाइड के कारण रास्ते बंद होने की परेशानी कम होगी। (2) टनल बनाने वाले श्रमिक न डिगे, न घर लौटे पीएम मोदी ने कहा- देश की उन्नति के लिए, जम्मू-कश्मीर की उन्नति के लिए जिन श्रमिक भाइयों ने कठिन परिस्थितियों में काम किया, जीवन को संकट में डालकर काम किया, अपनी जान गंवाई, लेकिन संकल्प से डिगे नहीं। श्रमिक साथी डिगे नहीं, किसी ने घर वापस जाने की बात नहीं की। उन्होंने हर चुनौती को पार करते हुए इस काम को पूरा किया है। जिन 7 साथियों को हमने खोया है, मैं आज सबसे पहले उनका स्मरण करता हूं। (3) सोनमर्ग में टूरिस्ट को पंख लगने वाले हैं, आज भारत तरक्की की नई बुलंदी की तरफ बढ़ चला है। हर देशवासी 2047 तक भारत को डेवलप नेशन बनाने में जुटा है। ये तभी हो सकता है, जब हमारे देश का कोई हिस्सा कोई भी परिवार तरक्की से डेवलपमेंट से पीछे न छूटे। इसके लिए ही हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ पूरे समर्पण से काम कर रही है। इस टनल से सोनमर्ग समेत पूरे इलाके में टूरिज्म को भी नए पंख लगने वाले हैं।(4) लाल चौक पर लोग अब आइसक्रीम खाते हैं पहले के मुश्किल दिनों को पीछे छोड़कर हमारा कश्मीर धरती का स्वर्ग होने की पहचान वापस पा रहा है। आज लोग रात के समय लाल चौक पर आइसक्रीम खाने जा रहे हैं। चिनाब ब्रिज की इंजीनियरिंग देखकर दुनिया हैरत में है। यहां कुछ दिन पहले पैसेंजर ट्रेन का ट्रायल हुआ। यहां के प्रोजेक्ट्स 42 हजार करोड़ से ज्यादा के हैं। इन पर काम चल रहा है। (5) जम्मू- कश्मीर में गर्मजोशी ऐसी, ठंडक नहीं लगती पीएम नेकहा – ये मौसम, बर्फ, बर्फ की चादर से ढंकी पहाड़ियां देखकर दिल प्रसन्न हो जाता है। यहां आता हूं तो बरसों पहले के दिन याद आने लग जाते हैं। उधर, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा।पीएम ने जेडमोड़ टनलका जायजा लिया। वे खुली जीप में बैठकर टनल देखने गए।पीएम ने जेड मोड़ टनल का जायजा लिया। वे खुली जीप में बैठकर टनल देखने गए।श्रीनगर-लेह हाइवे एनएच-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन का पीएम ने इनॉगरेशन किया।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## घनी आबादी क्षेत्र में जल भराव से निजात दिलाने पहुंची विधायक

कानपुर। घनी आबादी क्षेत्र में पर्याप्त गंदगी के कारण अक्सर जल भरा हो जाता है नाली नाले चौक हो रहे हैं इसी समस्या का निवारण करने के लिए सीसामऊ विधायक नसीम सोलंकी पार्षद इशरत अली एवं क्षेत्र वासियों के साथ वार्ड 97 वार्ड 03, वार्ड 110 का भ्रमण किया जनता की शिकायत थी कि वार्ड 97 कागजी महल मस्जिद के पास अक्सर जल भराव की स्थिति बनी रहती है इसी से निजात दिलाने के लिए मिश्रित आबादी में जॉइंट नाले की साफ सफाई कर जल भराव से क्षेत्रीय लोगों को निजात दिलाई। पार्षद इशरत अली, गुड्डू दानिश नसीम तहसील जग्गा लकपत आदि लोग रहे।

## म्यूजिक वीडियो 'वसंत आया पिया ना आये' जारी

निर्माता व निर्देशक आश्विन महाराज एक बार फिर अपने म्यूजिक वीडियो से लोगों का दिल जितने के लिए तैयार हैं उनका नया गाना 'वसंत आया पिया ना आये' महाराजा म्यूजिक के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया है। जैसे-जैसे वसंत का जीवंत मौसम सामने आता है, वैसे-वैसे साथी और स्नेह की चाहत भी बढ़ती है। यह गीत रोमांस और पुरानी यादों के विषयों को बड़ी खूबसूरती से एक साथ जोड़ता है, और आपको एक ऐसी जगह पर ले जाता है जहां हर नोट और गीत एक कहानी कहते हैं।चाहे आप प्यार में हों या किसी खास को याद कर रहे हों, 'वसंत आया पिया ना आए' निस्संदेह संगीतप्रेमियों के साथ साथ तालमेल बैठाने में निश्चित रूप से कामयाब साबित होगा। अश्विन महाराज की अविश्वसनीय प्रतिभा से सजी यह मंत्रमुग्ध कर देने वाली रचना संगीत निर्देशक सतीश त्रिपाठी, डीओपी नवीन कुमार और गीतकार मनोज भावुक की रचनात्मक प्रतिभा को दर्शाती है। प्रतिभाशाली गायिका दिव्यांशी मौर्य की भावपूर्ण आवाज से सुसज्जित, यह गाना उन लोगों को जरूर सुनना चाहिए जो दिल की भावनाओं से गूंजने वाले खूबसूरत संगीत की सराहना करते हैं। ज्योत्सना गुप्ता के आकर्षक भाव भंगिमा से सजी इस म्यूजिक वीडियो निश्चितरूप से दर्शकों के दिलों को छू जायेगा।

**प्रस्तुति :काली दास पाण्डेय**

# यूपी में योग्य घूमे बेरोजगार, पाकिस्तानी युवती बन गई सरकारी तीरमदार

अपना यूपी हमेशा अपने नए – नए कारनामों के लिए चर्चा में रहता है और इस बार तो चर्चा ही नहीं पूरा कारनामा है ।योगी आदित्यनाथ के सरकार में जहां यूपी में हजारों बीएड टीईटी पास अब बेरोजगार और ओवरएज हो गए ।उन्हें नौकरी नहीं और अब दर – दर की ठोकरे खा रहें वही इसी यूपी में पाकिस्तानी महिला सरकारी शिक्षक बन पूरे सिस्टम को मुंह चिढ़ा रही । उक्त महिला फर्जी दस्तावेजों के सहारे बरेली में नौ साल से नौकरी कर रही थी , अब जाकर विभाग ने किया बर्खास्त । आपको बता दें कि पाकिस्तानी महिला ने फर्जी दस्तावेज से बेसिक शिक्षक की नौकरी हासिल कर ली। उसने बरेली के फतेहगंज पश्चिमी विकास खंड क्षेत्र में तैनाती भी पा ली। हालाकि जांच में फर्जीवाड़ा साबित होने के बाद उसे अक्तूबर में निलंबित कर दिया गया था। विभाग ने अब जाकर उसकी सेवा समाप्त कर दी है। ऐसे न जाने कितने है जिन्होंने फर्जी दस्तावेजों से नौकरी हथियाई है पर ऑफिस में पैसे खिलाकर मामले को दबवाए बैठे है । कुछ के खिलाफ विभागीय अधिकारियों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जल्द ऐसे समस्त को गिरफ्तार भी किया जा सकता है। रामपुर शहर के बजरोही टोला में गली नंबर चार के मकान नंबर 20 की निवासी शुमायला खान पुत्री एसए खान पर जो कार्रवाई हुई है वह चौकाने वाली है । फतेहगंज



**पंकज सीबी मिश्रा /राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

पश्चिमी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी भानु शंकर गंगवार ने उसके खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में धोखाधड़ी से नागरिकता छुपाने व फर्जी दस्तावेजों से नौकरी हासिल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी ।

मीडिया के हवाले से बताया गया है कि शुमायला खान ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके बरेली के बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक की नौकरी हासिल कर ली। फिलहाल वह यहां प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थी। उसकी नागरिकता को लेकर शिकायत की गई थी। आरोप था कि वह पाकिस्तानी नागरिक है। इस मामले में विभाग ने उसके प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराया था। एसडीएम सदर रामपुर से अपेक्षा की गई थी कि उनके कार्यालय से जारी बताया जा रहा सामान्य निवास प्रमाणपत्र की जांच करके रिपोर्ट दें। जनपद जौनपुर के पत्रकार और प्रदेश के मीडिया विश्लेषक पंकज सीबी मिश्रा ने बताया कि रामपुर के एसडीएम की जांच में साफ हुआ कि शुमायला का प्रमाणपत्र त्रुटिपूर्ण है, इसे बनवाने में जानकारी छुपाई गई है और शुमायला वास्तव में पाकिस्तानी नागरिक है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने कहा कि साल 2015 में इनकी नियुक्ति हुई थी । एलआईयू जांच में पता चला कि इनके माता पिता पाकिस्तानी हैं । रामपुर की रहने वाली शुमायला के इस मामले में एसडीएम से वार्ता की गई । एसडीएम की ओर से जांच की गई और निवास प्रमाण पत्र निरस्त किया गया। इसके बाद आरोपी पर एफआईआर दर्ज कराई गई । तथ्य यह कि कभी लगा नहीं कि पाकिस्तानी हैं।स्कूल में कार्यरत प्रधान अध्यापक परम कृष्ण पाल ने कहा कि उच्चाधिकारियों के आदेश का पालन करते हुए शुमायला की ज्वाइनिंग कराई गई थी । ऐसा तो कभी नहीं लगा था कि ऐसा कुछ होगा। कभी पाकिस्तान की बात नहीं की थी। रामपुर का ही एड्रेस बताती थीं । उनकी मम्मी भी बेसिक में ही थी । उन्होंने कहा कि पढ़ाने में भी अच्छी टीचर थीं । ऐसा कभी महसूस नहीं हुआ कि वह पाकिस्तान को सपोर्ट करती है । यह जानकर थोड़ा हुआ कि उनकी नौकरी गई लेकिन उन्हें भी तथ्य नहीं छिपाने चाहिए थे । शुमायला खान का प्रमाण पत्र पिछली साल निरस्त कर दिया गया। बेसिक शिक्षा विभाग ने कई बार शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा पर प्रमाण पत्र की सत्यता साबित न हो सकी। बीएसए ने तीन अक्तूबर 2024 को शुमायला खान को निलंबित कर दिया था। उसकी सेवा भी समाप्त कर दी गई है। अब बीएसए के निर्देश पर बीईओ भानु शंकर गंगवार ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस मामले में जांच कर रही है, शुमायला की गिरफ्तारी भी की जा सकती है।जैसे ही समुद्र मंथन से अमृत निकला देवताओं के इशारे पर इंद्र का पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर उ? गया। इस पर गुरु शुक्राचार्य के कहने पर दैत्यों ने जयंत का पीछा किया और काफी परिश्रम करने के बाद दैत्यों ने जयंत को पक? लिया। अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देव और राक्षसों में 12 दिन तक भयानक युद्ध चलता रहा। कहा जाता है कि इस युद्ध के दौरान प्रथ्वी के चार स्थानों पर अमृत कलश की कुछ बूंदे गिरी थीं, जिनमें से पहली बूंद प्रयाग में, दूसरी हरिद्वार में, तीसरी बूंद उज्जैन और चौथी नासिक में गिरी थी। इसीलिए इन्हीं चार जगहों पर कुम्भ मेले का आयोजन किया जाता है। यहीं आपको बता दें की देवताओं के 12 दिन, पृथ्वी पर 12 साल के बराबर होते हैं, इसलिए हर 12 साल में महाकुम्भ का आयोजन किया जाता है।

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# कानपुर में मकर संक्रांति पर घाटों में उमड़ी भीड़ स्नान कर श्रद्धालु लगा रहे पुण्य की डुबकी, घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम




बीपीएस न्यूज

कानपुर। मकर संक्रांति का पर्व मंगलवार को मनाया गया। गंगा घाटों पर श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी है। श्रद्धालु स्नान कर पुण्य की डुबकी लगा रहे है। साथ ही दान भी कर रहे। मंदिरों में भी विशेष आयोजन किए गए। शहर में दो हजार से अधिक स्थानों पर खिचड़ी वितरण की गई। इस बार मकर संक्रांति का पर्व पुनर्वसु और पुष्य नक्षत्र के संयोग में मनाया जा रहा। शहर के बिठूर, अटल, परमट, सरसैया, मैस्कर, सिद्धनाथ, शुक्लागंज समेत सभी घाटों पर श्रद्धालु दर्शन करने लिए पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय गंगा मैया के नारे भी लगाए। सुरक्षा के लिए घाटों पर ड्रोन का इस्तेमाल हुआ।पनकी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मंदिर में सभी सीसीटीवी कैमरों को जांचा गया। शहर के अन्य हनुमान मंदिरों में भी तैयारी होती रही। परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। मंदिर में भीड़ के बढ़ने की आशंका के चलते 22 सेवकों को सुरक्षा में लगाया गया है।

# किशोरी ने अपने घर में ही की चोरी, असली जेवर चुराकर रख दिए नकली...पूछताछ में कबूली

बीपीएस न्यूज

कानपुर। गुजैनी थानाक्षेत्र में एक्टर बनने की चाहत में एक किशोरी ने घर के जेवर चुरा लिए। इसके बाद वहां नकली जेवर रखकर परिजनों धोखा दिया। पिता के शक होने पर सख्ती से पूछने किशोरी ने पूरी बात कबूल ली। इसके बाद इस घटना में शामिल युवक और उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

बर्रा आठ निवासी एक फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी को मॉडलिंग और एक्टिंग का शौक है।व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से उसकी दोस्ती हर्ष वर्मा उर्फ शिवा नाम के युवक से हुई।हर्ष ने बेटी को मुंबई में काम दिलाने का झांसा देकर तीन लाख खर्च आने की बात कही।

बेटी ने रुपये होने से इंकार किया तो आरोपी ने घर से असली जेवर चुराने और उसकी जगह नकली रखने की तरकीब बताई। 10 दिसंबर को बेटी ने अलमारी से रखे तीन लाख के जेवर चुराए और उसके स्थान पर मिलते जुलते नकली जेवर रख दिए। पिता के अनुसार आरोपी युवक के घर जाकर जेवर मांगे तो उनके परिजन साफ मुकर गए।

आरोपी युवक ने उनकी बेटी की फोटो वायरल करने की धमकी दी। इस संबंध में गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपी हर्ष, उसके पिता संजय वर्मा, मां रुचि और चाचा कमल के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# चुनाव अधिकारी को जूता भेंट करने वाले भाजपा नेताओं पर गिरी गाज



कानपुर। भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष के नामांकन प्रक्रिया के दौरान जिला चुनाव अधिकारी व पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता को जूते का बुके देने वाले भाजपा नेताओं पर संगठन ने कार्रवाई की है।प्रदेश नेतृत्व ने जूता कांड के सूत्रधार पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत द्विवेदी, मंडल मंत्री ज्योति बाल्मीकि और वर्तमान पार्षद विकास साहू समेत 5 को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रदेश नेतृत्व ने अनुशासनहीनता करने वाले सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं से 7 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये हैं।

प्रदेश नेतृत्व ने भाजपा उत्तर के 11 नये मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधि की घोषणा 9 जनवरी को की थी।2 मंडलों को होल्ड किया गया। नई सूची में 4 को दोबारा और 7 नये चेहरों को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। जनप्रतिनिधियों की आपत्ति और संगठन में तालमेल बनाए रखने के लिये सुझाए गए नामों में ही कई को जिलाप्रतिनिधि बना दिया गया।जबकि कार्यकर्ताओं के अनुसार उन्होंने मंडल अध्यक्ष के लिये नामांकन किया था। यहीं से विरोध शुरू हो गया। कर्नलगंज मंडल से जिला प्रतिनिधी बनाई गईं ज्योति वाल्मिकी ने पहले सोशल मीडिया में खुलकर विरोध किया इसके बाद नामांकन वाले दिन समर्थकों के साथ उत्तर जिला कार्यालय में हंगामा किया।

सूची से नाराज कलक्टरगंज मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष अमित पांडेय, वार्ड 1 के पार्षद विकास साहू, मंडल मंत्री ज्योति वाल्मिकी और मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा रीना साहू ने नामांकन प्रक्रिया के दौरान पार्टी कार्यालय नवीन मार्केट में जिला चुनाव अधिकारी संगम लाल गुप्ता (पूर्व सांसद) एवं पर्यवेक्षक जयप्रकाश चतुर्वेदी के सामने हंगामा किया, यही नहीं मर्यादा तार करते हुये जूते की बुके भी भेंट कर दी।

मामले की जानकारी सोशल मीडिया और मीडिया के द्वारा प्रदेश नेतृत्व को हुई तो जिले के पदाधिकारियों से जानकारी ली गई। जिले के पदाधिकारियों ने प्रदेश जाकर भी पूरे मामले से अवगत कराया, जिसपर प्राथमिक कार्रवाई की गई है।

# मकान दिलाने के नाम पर 15 लाख हड़पे, महिला से लिए एडंवास पैसे...थमाई फर्जी चेक

बीपीएस न्यूज



कानपुर। सीसामऊ थानाक्षेत्र में फ्लैट दिलाने के नाम पर दो लोगों ने एक महिला से 15 लाख रुपये एडंवास ले लिए। इसके बाद भी फ्लैट न मिलने पर जब महिला ने रुपये मांगे तो उन्हें फर्जी चेक थमा दी गई। पीड़िता ने सीसामऊ थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।रेलबाजार के शांति नगर निवासिनी स्वाती त्रिपाठी के अनुसार उन्हें जानकारी हुई कि गांधी नगर दुर्गा देवी रोड पर रिजवान और वैभव मल्होत्रा फ्लैट बना रहे हैं।इस पर वह अपने पति के साथ गई और दोनों लोगों से फ्लैट के बारे में बात की। दोनों लोगों ने फ्लैट की 56 लाख रुपये कीमत बताई और उनसे बुकिंग के नाम पर 15 लाख रुपये की मांग की। उन्होंने एडवांस रुपये दे दिए। कई माह बीत जाने पर उन्हें जानकारी हुई कि उन्होंने फ्लैट किसी दूसरे के नाम कर दिया है। इस पर रिजवान और वैभव से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने फर्जी चेक दे दी। आरोप लगाया कि चेक बैंक में बाउंस हो गई। जब विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें व उनके पति को धमकाना शुरू कर दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत जन प्रकोष्ठ में की। इस संबंध में सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सर्दी की वजह से बढ़ रहे चेस्ट इंफेक्शन के मरीज दिल व दिमाग ही नहीं, फेफड़ों को भी पहुंचा रहा नुकसान

कानपुर। कड़ाके की सर्दी सिर्फ दिल और दिमाग ही नहीं, बल्कि फेफड़ों को भी नुकसान पहुंचा रही है। लोगों के फेफड़े में इंफेक्शन हो रहा है। इस वजह से ऐसे मरीजों को जुकाम, खांसी, सांस लेने में तकलीफ व बुखार आदि की समस्या हो रही है। यह समस्या उन मरीजों में अधिक देखी जा रही है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है। इस मरीजों में बुजुर्ग के साथ युवा भी शामिल हैं।

सर्दी के मौसम में लोगों को सीने में दर्द, जलन, सांस लेने में समस्या, खांसी, जुकाम, बुखार, कमजोरी आदि की समस्या हो रही है।हैलट के मेडिसिन विभाग और मुरारीलाल चेस्ट अस्पताल में आने वाले ऐसे 20 प्रतिशत लोगों के फेफड़ों में इंफेक्शन की समस्या देखी जा रही है, जिनमे कुछ पुराने मरीज भी शामिल हैं।



जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर डॉ.एमपी सिंह ने बताया कि हैलट अस्पताल की ओपीडी में चेस्ट इंफेक्शन के मरीज वर्तमान में आ रहे हैं। सर्दी के मौसम में लोग पास-पास उठते व बैठते हैं और खांसते व छींकते हैं।

इसके अलावा अलाव जलाकर और रूम हीटर की मदद से सर्दी से बचाव का प्रयास करते हैं। साफ-सफाई का विशेष ध्यान नहीं रखते, ऐसे में व्यक्ति को जुकाम होता है तो वह उसे नजरअंदाज करते हैं। धीरे-धीरे व्यक्ति चेस्ट इंफेक्शन की गिरफ्त में आ जाता है।

### फेफड़ों में संक्रमण के मुख्य लक्षण

खांसी, सांस लेने में दिक्कत, सीने में दर्द, थकान, वजन कम होना, रात में पसीना आना, भूख न लगना, घरघराहट, हृदय गति बढ़ना, बलगम में खून आना समेत अन्य लक्षण फेफड़ों के संक्रमण के होते हैं। अधिकतम दो दिन में अगर तबीयत सामान्य न हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।

### 30 बेड का सर्जिकल आईसीयू, चार मॉड्यूलर ओटी

नए भवन में ग्राउंड फ्लोर पर रिसेप्शन, बिलिंग काउंटर, पहली मंजिल पर 30 बेड का सर्जिकल आईसीयू बनेगा, जो मॉड्युलर आईसीयू की तरह काम करेगा। दूसरी मंजिल पर जनरल वार्ड तीसरी पर चार मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और चौथी मंजिल पर प्राइवेट वार्ड होंगे।

### ऐसे करें बचाव

- गंदे हाथों से चेहरे और मुंह को न छुएं।
- धुएं के पास न रहें और भीड़ से बचें।
- कोहरा, धुंध होने पर बाहर कम निकलें।
- पौष्टिक भोजन लें व बासी के सेवन से बचें।
- तीन-चार बार गुनगुने पानी से गरारा करें।
- तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर को दिखाएं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लहूलुहान मिली महिला डॉक्टर, हालत गंभीर

बीपीएस न्यूज

कानपुर/लखनऊ । किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की डॉक्टर का गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। मंगलवार की सुबह जब गार्ड और उनके कुछ साथी बाहर निकले तो उन्होंने उन्हें हॉस्टल के बाहर पड़ा पाया। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी।इस समय वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। केजीएमयू में वे रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में काम कर रही हैं। वह कानपुर की रहने वाली है।प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि यह घटना सुबह लगभग 8:30 के आसपास की है। वह मेडिसिन विभाग में जूनियर रेजिडेंट के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने लखनऊ में 10 दिन पहले ही जॉइन किया था।

रेजिडेंट डॉक्टर गर्ल्स हॉस्टल के कमरा नंबर-206 में रहती हैं। डॉक्टरों के मुताबिक वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं और ब्लड लॉस की वजह से उनकी हालत गंभीर है।इसके अलावा उनके दोनों कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर और पैर में भी फ्रैक्चर हो गया है।

ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि घटना सुबह 8 से 8:30 बजे के आसपास की है। हॉस्टल के बाहर पड़ी मिली डॉक्टर को गंभीर हालत में जूनियर डॉक्टर्स ने एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया।इस समय उन्हें क्रिटिकल केयर मेडिसिन में वेंटिलेटर सपोर्ट पर भर्ती किया गया है। अभी उन्हें इनक्यूबेट किया गया है। ट्रॉमा सर्जरी के वरिष्ठ डॉक्टर्स डॉ. समीर मिश्रा और डॉ. अनीता सिंह की निगरानी में डॉक्टर का इलाज चल रहा।

# कानपुर के पनकी में वर्चस्व को लेकर चली गोली...युवक के गले से छूकर निकली

## फायरिंग से क्षेत्र में दहशत, मौके पर पहुंचे अफसर

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर में वर्चस्व को लेकर मंगलवार को गोली चली। गोली युवक गले से छूकर निकल गई।

बता दें कि, गंगागंज कॉलोनी निवासी राजू चौहान के 23 वर्षीय बेटे राहुल का कुछ लोगों से वर्चस्व को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार को बदमाशों ने राहुल को जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली युवक के गले से छूकर निकल गई। सूचना पाकर पनकी थाने की पुलिस समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा।

पूरा मामला पनकी थानाक्षेत्र के गंगागंज का है। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपितों की तलाश की जा रही है। घटना के सबंध में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

**पिता ने कुछ लोगों पर शक जताया**

बताया जा रहा है कि राहुल विधि छात्र है।

उसके पिता राजू चौहान रियल स्टेट का काम करते है।




मंगलवार शाम को राहुल घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान बदमाशों ने गोली मार दी।

**चलती बाइक से मारी गोली**

राहुल घर के बाहर खड़ा हुआ था।

इसी दौरान चार बाइकों पर सवार होकर आठ लड़के आए। पहले तो वह बगल से निकल गए।

उसके बाद दूसरी गली से वापस मुडकर आए और चलती बाइक पर सवार होकर राहुल को जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया।

**घटना सीसीटीवी में कैद**

पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं, राहुल के पिता राजू ने कुछ लोगों पर शक जताया।

पुलिस सीसीटीवी कैमरे और पिता के शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**पहले भी कर चुके हैं जानलेवा हमला**

राजू सिंह के मुताबिक इससे पहले 12 जनवरी को दबंगों ने उनके बेटे को जान से मारने की नियत से रोका था।

तब भी बेटा किसी तरह से भाग निकला था। राजू सिंह ने इस मामले में आधा दर्जन लोगों के नाम पुलिस को बताए हैं।

**दो दिन पहले भी युवक पर हुआ था हमला**

पीड़ित के पिता राजू चौहान के मुताबिक दो दिन पहले भी हिंदूवादी संगठन के नेता से जुड़े उसके गुर्गों ने काली मठिया के पास उनके बेटे पर हमला किया था।

जिसकी शिकायत भी उन्होंने पुलिस से की थी। लेकिन पुलिस ने उसे मामले में कोई कार्रवाई नहीं की थी।

# कानपुर में आवारा कुत्तों के दौड़ाने पर स्कूटी से गिरी योगा टीचर, सिर में चोट लगने से मौत



बीपीएस न्यूज

कानपुर। काकादेव थाना क्षेत्र के नवीन नगर में मंगलवार देर शाम रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना हुई।

जानकारी के अनुसार बर्रा-1 में रहने वाले सुरेश सिंह ने बताया कि उनकी 54 वर्षीय पत्नी अन्नपूर्णा मंगलवार रात स्कूटी से होगा सिखाकर घर लौट रही थीं।काकादेव नवीन नगर में अन्नपूर्णा को कुत्तों ने दौड़ा लिया।

कुत्तों के दौड़ाने पर अन्नपूर्णा ने बचने के लिए स्कूटी भगाई और लड़खड़ा कर तेज रफ्तार स्कूटी से गिर गईं।

सिर पर गंभीर चोट लगने से अचेत हो गईं। वहां मौजूद हॉस्टल के छात्रों ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इस संबंध में काकादेव प्रभारी निरीक्षक मनोज भदौरिया और चौकी इंचार्ज दीपक तिवारी फोर्स के साथ हॉस्पिटल पहुंचे। महिला के पर्स से बरामद दस्तावेज से उनकी शिनाख्त हुई और परिवार के लोगों को हादसे में मौत की जानकारी दी गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।कोचिंग मंडी में तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं का आरोप था कि हॉस्टल के कारण यहां पर हर समय सड़कों पर चहलकदमी बनी रहती है। पढ़ाई के बाद वह लोग अक्सर खाने-पीने के लिए भी बाहर निकलते हैं। इस दौरान नवीन नगर, ओम चौराहा, काकादेव, नीरक्षीर आदि स्थानों पर आवारा कुत्तों का आतंक मचा हुआ है। वह लोग पूर्व में भी कई लोगों को दौड़कर हादसा कर चुके है। लेकिन विभाग इस पर ध्यान नहीं देता है।

# विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन

कानपुर। नरपत नगर में रोड में जमुना देवी जनकल्याण समिति( रजि.) द्वारा विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया छोटे नन्हे बच्चे माता बहनों और बड़े बुजुर्गों ने खिचड़ी का आनंद लिया संस्था के अध्यक्ष सुशील सोनी जी ने भगवान को भोग लगाकर खिचड़ी बांटने की शुरुआत की सोनी जी ने बताय मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है.यह दिन सिर्फ धार्मिक महत्व नहीं रखता, बल्कि इसका संबंध विज्ञान, कृषि और सामाजिक जीवन से भी है. मकर संक्रांति को नई ऊर्जा, नई फसल, और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है. साथ ही, इस दिन खिचड़ी बनाने और दान करने की परंपरा भी विशेष महत्व रखती है. महिला अध्यक्ष शिक्षक रश्मि सोनी ने बताया कि मकर संक्रांति का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्वसूर्य के मकर राशि में प्रवेश को संक्रांति कहा जाता है.इस दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाता है, यानी उसकी दिशा दक्षिण से उत्तर की ओर हो जाती है.कार्यक्रम में मुख्य रूप से- अध्यक्ष सुशील सोनी,सचिव डॉ. आरके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, डॉ.ए.एल.निषाद, राजेंद्र कुमार, अनिल आदिलो को उपस्थित रहे।

# भाकियू ने समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा छह सूत्रीय ज्ञापन

बिल्हौर। भारतीय किसान यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर खंड विकास कार्यालय में धरना देकर छह सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ बिल्हौर को सौंपा।बीडीओ को दिए गए मांग पत्र में भाकियू के पदाधिकारियों ने कहा है कि चीतामऊ गजना की बेवा बृजभान दुलारी को 90 फीसदी विकलांग होने के बावजूद आज तक शौचालय और सरकारी आवास नहीं मिला है। इसी गांव की कुसमा पत्नी राजीव के पास जमीन नहीं है लेकिन आज तक कोई सरकारी सुविधा नहीं मिली है। गौशालाओं का निर्माण होने के बावजूद जानवर छुट्टा घूम रहे हैं और फसल चौपट कर रहे हैं। जंगली सुअर भी किसान को ठिठुरन भरी रातों में सोने नहीं दे रहे हैं। गांवों में लगातार बीमारियां बढ़ रही है लेकिन ग्राम प्रधानों द्वारा कीट नाशकों का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है।

# अलाव तापने से घर में लगी आग, दमघोटू धुएं से महिला व बच्चे हुए बेहोश

## दमकलकर्मियों ने तीनों को बाहर निकालकर पाया काबू





बीपीएस न्यूज

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र के गंगा नगर इलाके में अलाव से आग तापने के दौरान घर में आग लग गई। जिससे कमरे में महिला समेत उसके दो बच्चे कमरे में फंस गए और दमघोटूं धुएं से बेहोश हो गए। इस दौरान आसपास रह रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने तीनों को बाहर निकालकर आग को बुझाया। पुलिस ने तीनों को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां कुछ देर तक भर्ती होने के कारण स्थिति सामान्य हो सकी।

श्याम नगर के गंगा नगर में मोहम्मद वसीम के मकान में प्राइवेट कर्मी राहुल अपनी पत्नी नजमा और दो बच्चे 3 वर्षीय रेहान व 1 वर्षीय अरजान के साथ रहते हैं। बताया कि बुधवार सुबह नजमा और दोनों बच्चे अलाव जलाकर आग ताप रहे थे। अचानक अलाव की चिंगारी से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलने लगा। जिससे अफरातफरी मच गई ।कुछ देर बाद आग की चपेट में आने से घर के सामान जलने लगे। वहीं आग से नजमा समेत दोनों बच्चे कमरे में फंस गए और धुएं से उनकी हालत खराब होने लगी। वहीं सूचना पाकर मौके पर पुलिस समेत दमकल की दो गाड़ियां पहुंची। फिर पुलिस ने महिला और बच्चों को कमरे से बाहर निकाल कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया।

उधर दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत कर आग को बुझाया। आग से घर के सामान जलकर खाक हो गया। वही महिला और बच्चों की उपचार के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। इस संबंध में श्याम नगर चौकी प्रभारी धीरज शर्मा ने बताया कि आग तापने के दौरान आग लगी थी। कमरे में फंसे बच्चे और महिला को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब उन तीनों की तबियत ठीक है।

अलाव और अंगीठी जलाते वक्त बरतें सावधानी

अलाव या अंगीठी कभी भी बंद कमरे के अंदर न जलाएं। इससे धुआं कमरे के अंदर जमा हो जाता है। इस धुएं में सांस लेने से गंभीर परिणाम झेले पड़ सकते हैं। अगर अलाव या अंगीठी जला रहे हैं जो कमरे का दरवाजा और खिड़की पूरी तरह खोल दें, जिससे धुंआ निकल जाए। इसे जलाने के कारण ऑक्सीजन का स्तर घट जाता है और मोनोऑक्साइड का स्तर बढ़ जाता है, जो सीधे सामने वाले के अक्सर दिमाग पर असर डालता है जो बेहद खतरनाक है।

# मर्चेंट चैंबर ट्रेड कमेटी ने पदाधिकारी किए मनोनीत

## व्यापारी बोले- वन नेशन वन इलेक्शन के साथ वन टाइम टैक्स भी होना चाहिए...

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मर्चेंट चैंबर ट्रेड कमेटी ने बुधवार को पदाधिकारी मनोनित किए। इसमें अध्यक्ष अभिषेक सिंघानिया ने व्यापारी और चैंबर सदस्य टीकमचन्द्र सेठिया को फिर से चेयरमैन व एडवाइजर विजय पांडे बनाया। ट्रेड कमेट में सात मैंबर बनाए गए है। इस दौरान ट्रेड कमेटी के अध्यक्ष टीकम चन्द सेठिया ने केंद्र सरकार व राजय सरकार से व्यापारियों के उत्पीड़न वाले काले



कानून को समाप्त करने की मांग की। व्यापारी भय मुक्त होकर के व्यापार कर सके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को व्यापारियों के लिए कानून का पुन: निरीक्षण कर सरल करने की मांग का पत्र लिखा जाएगा।

व्यापारी पर अंकुश लगा दिए गए हैं, व्यापारी चाह करके भी व्यापार स्वतंत्रता के साथ नहीं कर सकता है। जीएसटी विभाग ने तो अभी एक ऐसा कानून बना दिया है की हर इस्पात की फैक्ट्री और मसाले की फैक्ट्री के गेट के बाहर अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है, ताकि फैक्ट्री से कोई भी वस्तु कर चोरी से ना जा सके।

एडवाइजर विजय पांडे ने केंद्र सरकार को व्यापारी कल्याण बोर्ड को अधिक अधिकार देने चाहिए, ताकि व्यापारी कल्याण बोर्ड राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के लिए सरकार को सुझाव दे सकें। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने का समय लेकर प्रदेश में व्यापारी कल्याण बोर्ड की गठन की मांग रखी जाएगी। वन नेशन वन इलेक्शन के साथ वन टाइम टैक्स भी होना चाहिए ।ट्रेड कमेटी के गठन पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, मणिकांत जैन, बलराम नरूला, सत्यदेव पचौरी, सुरेंद्र मैथानी, सलिल विश्नोई, सपा विधायक अभिताभ बाजपाई मौके पर मौजूद रहे।

# मादक पदार्थों की बिक्री को लेकर दो पक्ष आए आमने-सामने

बीपीएस न्यूज

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र के लालबंगला पुरानी सब्जी मंडी में मादक पदार्थों की बिक्री और वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में मारपीट और फायरिंग होने का आरोप है। घटना के कारण वहां पर दुकानदारों और ग्राहकों में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की।

लालबंगला के पुरानी सब्जी मंडी सुनार वाली गली के आगे बुधवार की रात को दो पक्षों में विवाद हुआ। दुकानदार अशोक जैन समेत अन्य दुकानदारों ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट के साथ-साथ तीन से चार राउंड फायरिंग हुई। आरोप लगाया कि वहां पर बम भी चलाए गए। जिससे दुकानदारों समेत ग्राहकों में दहशत फैल गई और बाजार में लोग इधर-उधर भागने लगे।

बताया जा रहा कि दोनों गुटों में मादक पदार्थ की बिक्री लेकर विवाद हुआ था। इससे पहले भी मादक पदार्थ की बिक्री को लेकर ही काजीखेड़ा में बमबाजी व फायरिंग और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के घर के पास फायरिंग हो चुकी है।

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट हुई है। उन्होंने फायरिंग की बात से साफ इंकार किया। फिर भी घटना में लगाए जा रहे आरोपों की जांच के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

# बर्रा इंस्पेक्टर को हटाया गया, राज्यमंत्री का फोन न उठाने पर हुई कार्रवाई, जन शिकायत प्रकोष्ठ से हुए संबंद्ध

## दो एसीपी व 4 थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में भी हुआ बदलाव

कानपुर। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला का फोन न उठाने वाले बर्रा इंस्पेक्टर राजेश शर्मा को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बुधवार को हटाकर जन शिकायत प्रकोष्ठ से संबंद्ध कर दिया। इसके साथ ही दो एसीपी समेत चार थानाप्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।

बर्रा इलाके में 29 दिसंबर को भाजपा कार्यकर्ता महेश तिवारी को पीटने की घटना में कार्रवाई न करने पर राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने बर्रा इंस्पेक्टर राजेश कुमार शर्मा के सीयूजी नंबर पर छह बार फोन किया था लेकिन इंस्पेक्टर ने फोन नहीं उठाया। इस पर वह थाने पहुंच गईं थीं। एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने थानेदार की जांच के आदेश दिए थे। राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी शिकायत की थी।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने एसीपी की रिपोर्ट के बाद अब बर्रा इंस्पेक्टर को हटा दिया है। अनवरगंज इंस्पेक्टर रहे नीरज ओझा को बर्रा थाने की कमान सौंपी है। ऐसे ही कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला को चकेरी, चकेरी में तैनात अशोक कुमार दुबे को अनवरगंज, जन शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात जगदीश पांडेय को कोतवाली की कमान सौंपी है। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह को एसीपी सीसामऊ और एसीपी सीसामऊ चित्रांशु गौतम को एसीपी नौबस्ता के साथ ऑपरेशन त्रिनेत्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है ।कानपुर। नवाबगंज थानाक्षेत्र में बुधवार शाम रोडवेज वर्कशॉप में बस चेसिस के नीचे फोरमैन के




आ जाने के कारण मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जांच कर आगे की कार्रवाई की। सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोकी व्यास ने पुलिस को बताया कि आजमगढ़ निवासी 40 वर्षीय मृत्युंजय कुमार जूनियर फोरमैन पद पर तैनात थे। बुधवार को जयपुर की कंपनी का ड्राइवर चेंचिस लेने वर्कशॉप आया था।

आरोप है कि ड्राइवर पीछे देखकर गाड़ी बैक कर रहा था, लेकिन अचानक उसने गाड़ी आगे बढ़ा दी। टक्कर लगते ही मृत्युंजय नीचे गिर गए और टायर के नीचे आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने लोगों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि मृतक आश्रित कोटे के तहत मृत्युंजय की पत्नी अनीता के लिए नौकरी की मांग की है। यूनियन सदस्यों का कहना है कि नौकरी देने की शर्त पर ही शव घर ले जाएंगे। वहीं परिवार में पत्नी अनीता व तीन बच्चे अंशिका, अनिष्का और बेटा कृष्णा हैं। देर रात यूनियन सदस्य वर्कशॉप में इकट्ठा रहे। नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया परिजनों की तहरीर पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रांसगंगा सिटी पुल की लागत पर यूपीसीडा की आपत्ति, इतने करोड़ का बना है एस्टीमेट...

बीपीएस न्यूज

कानपुर। ट्रांसगंगा सिटी को वीआईपी रोड से जोड़ने के लिए प्रस्तावित वाई आकार के पुल का प्राथमिक एस्टीमेट उप्र सेतु निर्माण निगम ने तैयार कर लिया है। निगम की ओर से उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी को एस्टीमेट भी भेज दिया गया है। 799 करोड़ रुपये के एस्टीमेट पर प्राधिकरण के मुख्य अभियंता ने आपत्ति जताई है और परियोजना प्रबंधक से पूछा है कि इतनी लागत कैसे आएगी, इसका बिंदुवार उल्लेख कर रिपोर्ट भेजें। आपत्ति के निस्तारण के बाद प्राधिकरण ओर से डिजाइन को मंजूरी दी जाएगी फिर उसे शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

लखनऊ के लिए अभी गंगा बैराज, शुक्लागंज या जाजमऊ के रास्ते जाना होता है। शुक्लागंज और जाजमऊ पुल पर लगने वाला जाम बड़ी मुसीबत बनता है। इस समस्या के समाधान के लिए ही पहले सरसैया घाट पर पुल बनाने की योजना बनी थी। तब 538 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया था, लेकिन यहां परियोजना परवान नहीं चढ़ी। बाद में अलग- अलग जगहों पर सर्वे किया गया। अब फाइनल हुआ कि धोबी घाट और भैरव घाट पर वाईआकार का पुल बनाया जाए।

पुल ट्रांसगंगा सिटी की तरफ से फोर लेन आएगा लेकिन गंगा में आने के बाद वाई आकार का हो जाएगा। शुरुआती दौर में तय हुआ कि इसकी लागत 652 करोड़ रुपये आएगी। बाद में हाई लेवल कमेटी की बैठक में 726 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बना और उसे मंजूरी भी दी गई। लेकिन अब प्रस्ताव 799 करोड़ रुपये का सेतु निगम ने दिया तो प्राधिकरण के अधिकारियों का माथा ठनका। मुख्य अभियंता निर्माण संदीप चंद्रा ने एस्टीमेट पर आपत्ति जताई है और विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पुल ट्रांसगंगा सिटी की तरफ से शुरू होगा तो यह चार लेन का होगा, लेकिन गंगा में आकर इसका आकार वाई हो जाएगा। लखनऊ की ओर से आने वाले वाहन धोबी घाट पर आकर उतरेंगे और भैरवघाट मार्ग होते हुए खलासी लाइन मार्ग रेव-3 के समीप एमराल्ड मार्ग होते हुए शहर में आएंगे। जबकि शहर से ट्रांसगंगा सिटी, उन्नाव, लखनऊ की ओर जाने के लिए रानी घाट होते हुए पुल पर चढ़ेंगे। लोग रानी घाट पर भैरवघाट मंदिर व जलकल के पंप हाउस के मध्य से होते हुए पुल पर जाएंगे।

नई डिजाइन को हाईलेवल कमेटी मंजूरी करेगी। इस कमेटी में प्राधिकरण के सीईओ मयूर माहेश्वरी, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार और सेतु निर्माण निगम के एमडी को शामिल किया गया है। यह कमेटी शासन ने बनाई है। इसी कमेटी ने अलाइनमेंट को मंजूरी दी थी। पुल साढ़े 12- साढ़े 12 मीटर चौड़ा होंगे।

# महाकुंभ में आरपीएफ की तत्परता से श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा जारी




कानपुर सेंट्रल महाकुंभ मेला 2025 के पावन अवसर पर मकर संक्रांति के दिन प्रयागराज में स्नान और दर्शन कर लौट रहे हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे प्रोटेक्शन स्पेशल फोर्स ने एक मिसाल पेश की। निरीक्षक बुधपाल सिंह/के नेतृत्व में स्टेशन पर व्यापक सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की अभूतपूर्व व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा न केवल सुरक्षित रही बल्कि सुगम भी बनी ।प्लेटफॉर्म्स, स्टेशन परिसर, और ट्रेनों में जवानों ने हर जगह तैनाती की। भीड़ को व्यवस्थित रूप से नियंत्रित करने के लिए कुशल रणनीति अपनाई गई। कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों और नियमित ट्रेनों में यात्रियों को सुरक्षित तरीके से बैठाने के लिए वाणिज्य विभाग के साथ तालमेल बिठाया गया। साथ ही, प्लेटफॉर्म और स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं की सहायता के लिए हेल्प डेस्क भी सक्रिय रहे ।जवानों ने न केवल सुरक्षा प्रदान की बल्कि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को प्राथमिकता देते हुए ट्रेनों में चढ़ने में उनकी मदद की। श्रद्धालुओं ने की तत्परता और समर्पण की दिल खोलकर प्रशंसा की। श्रद्धालुओं का कहना था कि इतने बड़े आयोजन में भी उन्होंने सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर कोई असुविधा महसूस नहीं की ।निरीक्षक/ने कहा, महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन में यात्रियों की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हम इसे पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं ।महाकुंभ मेले के दौरान कानपुर सेंट्रल पर और मुस्तैदी न केवल यात्रियों के लिए राहत का कारण बनी, बल्कि महाकुंभ के संचालन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन की प्रतिबद्धता और सेवा भावना का एक बेहतरीन उदाहरण बन गया ।श्रद्धालुओं के साथ रेलवे प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने भी के प्रयासों की प्रशंसा की। की सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा ने मेले के दौरान यात्रियों को सुरक्षा का एक अलग ही अनुभव दिया ।महाकुंभ मेले जैसे बड़े आयोजन में [illegible] की भूमिका ने यह साबित कर दिया कि उनके सतर्क प्रयासों से कोई भी चुनौती असंभव नहीं है।

# सरकारी नौकरी लगी तो मायके वाले ले गए साथ, वापस भेजने के लिए पति से मांगे एक करोड़

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नौबस्ता थानाक्षेत्र में हंसपुरम नौबस्ता निवासी स्कूल मैनेजर बजरंग भदौरिया की पत्नी की सरकारी नौकरी लगने के बाद मायके वाले अपने साथ ले गए। अब वापस भेजने के एवज में एक करोड़ की मांग कर रहे हैं। आरोप है कि मारपीट कर संबंध खत्म कराने और फर्जी मुकदमो में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है ।बजरंग के अनुसार साहिबाबाद निवासी लक्षिता से 2023 में शादी हुई थी। कुछ माह बाद पत्नी की दिल्ली में सरकारी शिक्षिका के पद पर नौकरी लग गई। इसके बाद ससुर राम माधव सिंह परमार, सास संतोष सिंह, साला अनिल उन्हें अपने साथ ले गए तब से वापस भी नहीं भेज रहे। स्कूल मैनेजर के अनुसार पत्नी से साथ रहने को कहा तो वह कहती है, तुम्हारा मेरे ऊपर कोई अधिकार नहीं है।

मैनेजर ने आरोप लगाया कि 12 दिसंबर को जब वह स्कूल में थे तो पत्नी, सास-ससुर, साला आए और उन्हें कमरे में बंद कर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। नौबस्ता थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपों की जांच की जा रही है।

# यूपीसीडा में भव्य सुंदरकांड के बाद खिचडी भोज आयोजित

कानपुर ।यूपीसीडा मुख्यालय लखनपुर में कर्मचारी यूनियन की ओर से सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इसके बाद गर्मा गर्म खिचडी लोगों को वितरित की गई। इस दौरान कर्मचारियों ने विभागस्तर पर लंबित मांगों पर विचार विमर्श किया।

केंद्रीय औद्योगिक विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संघ के आयोजन में पहुंचे कर्मियों ने पहले गंगा जल छिडका इसके बाद सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए। भजन गायक संदीप दीक्षित द्वारा प्रस्तुत संगीतमय सुंदरकांड से विभाग का माहौल भक्तिमय नजर आया। वहीं, इसके बाद खिचडी भोज शुरू किया गया। केंद्रीय औद्योगिक विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संघ के प्रांतीय अध्यक्ष स्वराज श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग और कर्मियों के लिए स्वास्थ्य लाथ एवं उन्नति के लिए सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया।

# विभागों की नाकामी आई सामने विकास में 46 पायदान और पिछड़ा कानपुर, सीएम डैश बोर्ड में भी लुढ़का 10 पायदान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सरकार की विकास योजनाओं को पलीता लगाने में जुटे विभागों की नाकामी ने जिले को एक महीने में ही 46 पायदान और लुढ़का दिया है। दिसंबर महीने की जो रैंक आई है, उसमें जिला 73वें स्थान पर है। योजनाओं की निगरानी करने वाले सीएम डैश बोर्ड में भी जिला नवंबर माह के मुकाबले 10 अंकों से और पिछड़ गया है, इसमें जिले को 7.54 अंक के साथ 71वीं रैंक हासिल हुई है।

सीएम डैश बोर्ड की ओर से जारी रैंकिंग में सभी विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति समय पर अपलोड करनी होती है। इसमें लक्ष्य के सापेक्ष काम न करना, योजनाओं या शिकायत निस्तारण के आवेदन पत्रों के सापेक्ष लाभ न मिलना या शिकायतों का निस्तारण न होने की निगरानी की जाती है।

विकास कार्यों के करीब 27 विभागों की 70 परियोजनाओं में दिव्यांग पेंशन, मातृत्व शिशु एवं बालिका सदस्य योजना, ओडीओपी वित्त पोषण, बिजली, शिक्षा, सड़क निर्माण, सामूहिक विवाह, आवास, जल जीवन मिशन, गोवंश सुपुर्तगी, कन्या सुमंगला योजना और शौचालय निर्माण जैसी आवश्यक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाती है।

रैंकिंग की जो रिपोर्ट आई, उसके अनुसार दिसंबर माह में जिले के विकास कार्यों की गति बहुत खराब रही है। इसमें जिले की 73वीं रैंक रही। हालांकि राजस्व कार्यों के निस्तारण में नवंबर महीने के मुकाबले एक पायदान ऊपर आया है, इसमें 63वीं रैंक आई है, नवंबर में 64वीं रैंक थी। नवंबर माह में विकास कार्यों में 27वीं रैंक आई थी। सीएम डैश बोर्ड में नवंबर को जिले को 61वीं रैंक हासिल हुई थी।



# महाकुंभ में होगी योगी कैबिनेट की बैठक, कई अहम फैसलों पर लग सकती मुहर



उत्तर प्रदेश सरकार 22 जनवरी को प्रयागराज में बड़े पैमाने पर होने वाले धार्मिक आयोजन, महाकुंभ के अवसर पर एक महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक की योजना बना रही है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह बैठक प्रयागराज में होगी। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैबिनेट मंत्रियों के साथ राज्यव्यापी विकास को लक्षित करने वाली व्यापक विकास पहलों पर चर्चा करेंगे। 26 फरवरी तक चलने वाले कुंभ मेले की पृष्ठभूमि में, इन चर्चाओं से प्रयागराज और उससे आगे के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे संबंधी निर्णय सामने आ सकते हैं।

बताया जा रहा है कि बैठक से पहले मुख्यमंत्री संगम में डुबकी भी लगा सकते हैं। प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में मात्र छह दिनों के अंदर सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और पूज्य साधु-संतों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है और एक आधिकारिक बयान के अनुसार उप्र सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में कुल 45 करोड़ से भी ज्यादा लोग आएंगे। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा महाकुम्भ पुलिस के लिए भले ही एक बड़ी चुनौती है, लेकिन मेला क्षेत्र में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) भीड़ प्रबंधन के लिहाज से वरदान साबित हो रहा है।

इसके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में आ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है बल्कि कई तरह के सर्विलांस में भी यह मददगार बन रहा है। महाकुम्भ के पहले दिन पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भारी भीड़ को सुनियोजित तरीके से नियंत्रित करने में आईसीसीसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईसीसीसी के प्रभारी एसपी अमित कुमार ने बताया कि यहां पर 2750 कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में बल्कि पूरे शहर क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। तीन कोण से निगरानी की जा रही है, पहला है सुरक्षा, दूसरा प्रबंधन और तीसरा है अपराध।

# महाकुंभ में इंतजामों को लेकर अखिलेश यादव ने उठाए योगी सरकार पर सवाल



समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ में भव्य व्यवस्था के सरकार के दावे वास्तविकता से बहुत दूर हैं। एक बयान में, यादव ने कहा कि तीर्थयात्री पीने के पानी, भोजन और आश्रय जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। वरिष्ठ नागरिक कई किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हैं और ठंड से बचाव के कोई उपाय नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब नाविकों का समर्थन करने के बजाय, सरकार ने उनकी आजीविका को प्रतिबंधित कर दिया है।

राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और विफल शासन का आरोप लगाते हुए यादव ने कहा कि उनके द्वारा शुरू की गई हर योजना रिश्वतखोरी की कहानी बन गई है। उन्होंने कहा, इस बीच मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अब अखिलेश यादव पर पलटवार किया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव हमेशा सनातन के खिलाफ बोलते रहे हैं, अतीत पर नजर डालें। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में रामभक्तों पर गोली चलाने का आदेश दिया. जाति और धर्म से परे करोड़ों लोग संगम में डुबकी लगाते हैं और इससे उन्हें दुख होता है।

ब्रजेश पाठक ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें हिम्मत है तो उन्हें दूसरे धर्मों के खिलाफ बोलना चाहिए। वह अयोध्या नगरी को बुनियादी ढांचा तक नहीं दे सके, लेकिन आज वहां विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी किसी ने सनातन का अपमान किया है तो उसे पश्चाताप करना पड़ा है और समाजवादी पार्टी को भी पश्चाताप करना पड़ेगा। अखिलेश यादव को गुटबाजी से ऊपर उठकर प्रयागराज आने वाले लोगों का स्वागत करना चाहिए।

# स्टूडेंट्स भी अब कर सकेंगे फ्री में बस यात्रा, केजरीवाल का एक और चुनावी वादा

दिल्ली के चुनावी दंगल में हर बार की तरह इस बार भी विभिन्न पार्टियों की तरफ से ताल ठोके जा रहे हैं लेकिन असल मुकाबला तो सिर्फ तीन पार्टियों के बीच ही है। जिन्होंने जनता के सामने अपने वादों-इरादों का पिटारा खोल दिया है। आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी के दोबारा सत्ता में आने पर छात्रों को मुफ्त बस यात्रा प्रदान करने के एक बड़े वादे की घोषणा की है। यह घोषणा चुनाव से पहले आप के मतदाता आधार को मजबूत करने के उद्देश्य से मुफ्त सुविधाओं की एक श्रृंखला के बीच आई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में दोबारा हमारी सरकार बनने पर स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के लिए दिल्ली मेट्रो में रियायत और बसों में सफ़र मुफ़्त करेंगे।देश पढ़ेगा तभी आगे बढ़ेगा। ऐसे बहुत गरीब बच्चें हैं जिनकी शिक्षा इस वजह से छूट जाती है कि उनके पास स्कूल-कॉलेज जाने के लिए पैसे नहीं होते हैं। तो सबसे बड़ा ऐलान मैं ये कर रहा हूं कि हमारी सरकार बनने पर स्टूडेंट को भी फ्री बस का सफर दिया जाएगा। अभी महिलाओं को तो फ्री बस का सफर है। दिल्ली के अंदर हम देखते हैं कि बहुत सारे छात्र मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं। मेट्रो दिल्ली की लाइफ लाइन है और मेट्रो बहुत महंगी हो गई है। एक आम स्टूडेंट उसे अफोर्ड करने में तकलीफ होती है। मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार का फिफ्टी फिफ्टी वेंचर है। प्रॉफिट और लॉस बराबर मात्रा में आपस में शेयर होते हैं। कैपिटल इंवेस्टमेंट भी फिफ्टी फिफ्टी शेयर होता है। मैंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी है कि छात्रों को मेट्रो के फेयर में 50 प्रतिशत की छूट देनी चाहिए। इसका जो खर्च आएगा रियायत देने में उसे दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार आपस में फिफ्टी फिफ्टी प्रतिशत शेयर करें।अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये बिल्कुल जनहित का मामला है और न इसमें कोई राजनीति है और न होनी चाहिए। मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे बच्चों और युवाओं के लिए प्रधानमंत्री इसे जरूर स्वीकार करेंगे। चुनाव खत्म होने के बाद हम बसों में छात्रों का सफर फ्री कर देंगे। मेट्रो के अंदर 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। ये छात्रों के जीवन में एक खुसी लेकर आएगा।

# किराएदारों की तो निकल पड़ी, मिलेगी फ्री बिजली और पानी, अरविंद केजरीवाल का एक और वादा



दिल्ली में मुफ्त बिजली और पानी से वंचित किरायेदारों को आम आदमी पार्टी (आप) के सत्ता में आने के बाद इस योजना के तहत लाया जाएगा। पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले इस बात का ऐलान किया। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा, जबकि चुनाव के लिए वोटों की गिनती 8 फरवरी को होनी है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस आम आदमी पार्टी को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा कि किरायेदार कई कारणों से मुफ्त बिजली और पानी योजना का लाभ उठाने में असमर्थ हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किरायेदार भी दिल्ली की आबादी का हिस्सा हैं और आम आदमी पार्टी उन्हें ये लाभ देगी। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप ने दिल्ली चुनाव से पहले कई चुनावी सुविधाओं की घोषणा की है, जिसमें महिलाओं के लिए 2,100 रुपये मासिक मानदेय, बुजुर्गों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवा और ऑटो चालकों के लिए 10 लाख का बीमा शामिल है।

अरविंद केजरीवाल ने कुछ दिन पहले यह भी घोषणा की थी कि अगर आप दिल्ली में सत्ता में लौटती है तो रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को सुरक्षा के लिए निजी गार्ड रखने के लिए पैसे दिए जाएंगे। प्रस्तावित भत्ते मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे कि सरकारी स्कूलों, मोहल्ला क्लीनिकों और मुफ्त बिजली को जोड़ देंगे जो क्सरकार दिल्ली में नागरिकों को प्रदान करती है। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 17 जनवरी थी और नामांकन की जांच 18 जनवरी तक की जानी थी।

# 2 से ज्यादा बच्चे होने पर ही लड़ पाएंगे चुनाव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू लेने जा रहे एकदम अलग फैसला

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि कोई व्यक्ति तभी सरपंच, नगर निगम पार्षद या मेयर बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों, यह संकेत देते हुए कि यह गिरती जनसंख्या को रोक देगा। नायडू ने कहा कि वह लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे। उन्होंने कहा कि एक समय में, कई बच्चों वाले व्यक्तियों को पंचायत (चुनाव) या स्थानीय निकायों में लड़ने की अनुमति नहीं थी। अब मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि कम बच्चों वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। आप सरपंच, नगर निगम पार्षद, निगम अध्यक्ष या महापौर तभी बन पाएंगे जब आपके दो से अधिक बच्चे होंगे।

सीएम के अनुसार, उत्तर भारत लगभग 15 वर्षों में स्थिर प्रजनन दर का लाभ खो सकता है। उन्होंने कहा, आपके माता-पिता चार से पांच बच्चे पैदा करते थे और आपने इसे घटाकर एक कर दिया। यहां तक कि होशियार लोग भी अब कह रहे हैं कि दोगुनी आय वाले बच्चे हमें आनंद नहीं लेने देते। अगर उनके माता-पिता ने उनके जैसा सोचा होता, तो वे इस दुनिया में नहीं आते। नायडू ने कहा, सभी देशों ने यह गलती की है ।और हमें सही समय पर निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि अधिक बच्चे पैदा करने के महत्व पर जोर नहीं दिया गया और स्थिति हाथ से बाहर हो गई ।दक्षिण कोरिया, जापान और महाद्वीपीय यूरोप जैसे देशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उन जगहों पर लोगों को आबादी कम होने के खतरे का एहसास नहीं था, बल्कि उन्होंने केवल धन पैदा करने, आय बढ़ाने और उन देशों को आगे ले जाने पर ध्यान केंद्रित किया। इस महीने की शुरुआत में, नायडू ने गिरती जन्मदर पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत को दक्षिण कोरिया और जापान जैसे अन्य देशों द्वारा की गई गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए, जहां जन्मदर में गिरावट आई है।

# महाकुंभ की चकाचौंध से चौंधिया गईं पाकिस्तान समेत मुस्लिम देशों की आंखें, दिखा क्रेज

महाकुंभ 2025 की शुरुआत हो गई है. संगम में डुबकी लगाने के लिए पहले ही दिन 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ पहुंचे हैं. महाकुंभ में पहले दिन सिर्फ हिंदुस्तान नही बल्कि पूरा विश्व इकट्ठा हुआ. दुनिया के अलग अलग कोने से श्रद्धालु पहुंचे. ब्राजील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमेरिका, स्पेन से श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं. लेकिन जो एक आंकड़ा जो सामने आया हैं, उसे देख आप चौंक जाएंगे. महाकुंभ सिर्फ़ अब भारतीयों का नहीं है; यह एक वैश्विक उत्सव बन गया है. ब्राज़ील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमेरिका और स्पेन जैसे देशों से श्रद्धालु तो यहां आ ही रहे हैं, लेकिन इस्लमिक देशों में भी महाकुंभ को लेकर खूब चर्चा है.

महाकुंभ को लेकर वैश्विक उत्सुकता असाधारण बनती जा रही है, दुनिया के हर कोने से लोग इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन को देखने के लिए उत्सुक हैं. यही वजह है कि पूरी दुनिया में लोग महाकुंभ के बारे में गूगल पर सर्च कर रहे हैं. आइए उन देशों की सूची पर नज़र डालें जहां महाकुंभ एक ट्रेंडिंग सर्च टॉपिक रहा है.आप हैरान रह जाएंगे कि महाकुंभ के बारे में सबसे अधिक पाकिस्तान मे सर्च किया जा रहा है, जो कि एक इस्लामिक राष्ट्र है. पाकिस्तान के बाद, कतर, यूएई और बहरीन जैसे देशों ने महत्वपूर्ण रुचि दिखाई है।

# उन्नाव रेप के दोषी भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर को लगा झटका, 20 जनवरी को सरेंडर करने का आदेश



दिल्ली हाई कोर्ट ने 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में चिकित्सा आधार पर निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर को दी गई अंतरिम जमानत बढ़ाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की पीठ ने राहत को और बढ़ाने की मांग करने वाली सेंगर की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया और मामले को 27 जनवरी को दूसरी पीठ के समक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की पीठ ने राहत को और बढ़ाने की मांग करने वाली सेंगर की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया और मामले को 27 जनवरी को दूसरी पीठ के समक्ष रखने का निर्देश दिया।

2019 में ट्रायल कोर्ट के जज रहते हुए जस्टिस धर्मेश शर्मा ने सेंगर को मामले में दोषी ठहराया और सजा सुनाई। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि हम शामिल नहीं हो रहे हैं। आप पहले आत्मसमर्पण करें, हम विचार करेंगे। सेंगर के वकील ने इस आधार पर विस्तार की मांग की कि अगले सप्ताह एम्स में उनकी आंख की सर्जरी होनी है। अदालत ने कहा कि एम्स आपको एक और तारीख देगा। सीबीआई के वकील ने कहा कि 20 दिसंबर को अंतरिम जमानत एक महीने के लिए बढ़ाते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाना चाहिए और उन्हें 20 जनवरी को जेल अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए कहा ।मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे राजनेता को उनके स्वास्थ्य के कारण दिसंबर की शुरुआत में दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दी गई थी, जिसे बाद में एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। अंतरिम जमानत के विस्तार के लिए सेंगर की याचिका, बलात्कार मामले में दिसंबर 2019 ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ उनकी अपील का हिस्सा थी, जो उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। उन्होंने इसे रद्द करने की मांग की है।

# तीन बार से ज़्यादा किया नियमों का उल्लंघन, तो आपका ड्राइविंग लाइसेंस हो जाएगा रद्द



प्रतिरूप फोटो

पटना। यात्रियों के लिए खबर! अगर आपने तीन बार से ज़्यादा ट्रैफ़िक नियमों का उल्लंघन किया तो आपका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द या निलंबित हो जाएगा। इस संबंध में, बिहार में ट्रैफ़िक पुलिस ने तीन बार से ज़्यादा नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 10,000 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द या निलंबित करने की सिफ़ारिश की है, सोमवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया।

अपर पुलिस महानिदेशक (ट्रैफ़िक) सुधांशु कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ट्रैफ़िक नियमों का बार-बार उल्लंघन करने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द या निलंबित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ट्रैफ़िक पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में तीन बार से ज़्यादा ट्रैफ़िक नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 10,000 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द या निलंबित करने की सिफ़ारिश की है। उन्होंने बताया कि सिफ़ारिशें संबंधित जिलों के अधिकारियों को भेज दी गई हैं ।कुमार ने कहा, अगर कोई तीन बार से अधिक यातायात नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा और अगर वह इसके बाद भी उल्लंघन करता है, तो ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन, तेज गति से गाड़ी चलाना, ओवरलोडिंग और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने जैसे अपराधों के लिए लगातार तीन बार से अधिक चालान प्राप्त करने वाले व्यक्ति का लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

एडीजी ने कहा कि 26 जनवरी से पटना के सभी 54 ट्रैफिक चेक-पोस्टों को केवल महिला कर्मियों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा, इन चेक-पोस्टों को अधिकारियों सहित 310 से अधिक महिला कर्मियों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।

# युवक ने 900 सीढ़ियां चढ़कर देवी का किया दर्शन, वापस आते समय तोड़ दिया दम

महाराष्ट्र में 25 साल के एक युवक की उस समय मौत हो गई, जब वह महाराष्ट्र के पालघर जिला के तलासरी स्थित महालक्ष्मी मंदिर की सीढ़ियों से उतर रहा था. मृतक के परिजनों के मुताबिक, युवक मंगलवार को 900 सीढ़ियां चढ़कर मंदिर पहुंचा था. मंदिर पहुंचकर उनसे देवी के दर्शन किए. इसके बाद जब वह वापस नीचे आ रहा था तो अनाचक उसकी तबियत बिगड़ी और वह जमीन पर गिर गया.

इसके बाद उसे तुरंत कासा ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया. परिवार वालों ने आशंका जताई है कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है. हालांकि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. डॉक्टर्स का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चला पाएगा.

बता दें, तलासरी स्थित महालक्ष्मी मंदिर मुंबई के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों मे से एक है. यह लोकप्रिय तीर्थस्थल है. यहां मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं. इस मंदिर का इतिहास भी बेहद दिलचस्प है. इस मंदिर में महालक्ष्मी, महासरस्वती और त्रिदेवी महाकाली की प्रतिमाएं समर्पित हैं. तीनों प्रतिमाओं को मोतियों, सोने की चूड़ियों और नाक की बालियों से सजाया गया है. वहीं, महालक्ष्मी की प्रतिमा को साज-सजावट के साथ कमल फूल पकड़े दिखाया गया है. मंदिर परिसर में कई दुकानें भी हैं, जहां से पूजा सामाग्री मिलती है.

# गायों पर हमला कर काट दिए थन, सीएम को लेना पड़ा एक्शन

बेंगलुरु में कॉटनपेट पुलिस ने सोमवार को तीन गायों के थन काटने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने आरोपी की पहचान बिहार के शेख नसरू (30) के रूप में की है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि नसरू ने रविवार तड़के चामराजपेट के विनायक नगर में गायों के थन काट दिए थे. इस संबंध में पशु क्रूरता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 325 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''जांच के दौरान पता चला कि बिहार के चंपारण जिले के शेख नसरू नामक व्यक्ति ने शराब के नशे में इस घटना को अंजाम दिया.वह घटनास्थल से 50 मीटर दूर प्लास्टिक और कपड़े के बैग की सिलाई की दुकान में सहायक के रूप में काम करता है. इसमें किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता नहीं पाई गई.'' नसरू को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे 24 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. अधिकारी ने बताया कि उपचार के बाद गायों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जाती है.

मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने घटना पर कड़ा रुख अपनाया और बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद को मामले को सुलझाने का निर्देश दिया. घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने घोषणा की कि अगर अपराधियों को तुरंत नहीं पकड़ा गया तो वह 'काली संक्रांति' मनाएगी. कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने रविवार को घटनास्थल का दौरा किया और इसे 'जिहादी मानसिकता' का प्रदर्शन बताया.

बीजेपी नेता विजयेंद्र ने कहा कि 'गाय' का अर्थ है सभी जीवित प्राणियों की माता. इस प्रकार हिंदू गाय को देवी मां के रूप में पूजते हैं और इसे कामधेनु कहते हैं. कर्नाटक की संस्कृति के महान पात्र पुण्यकोटि की कहानी दुनिया के हर कोने में फैल चुकी है. मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गाय की पूजा करना इस त्योहार के उत्सव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. ऐसे पावन अवसर पर बेंगलुरु के चामराजपेट में राक्षसी पापियों की ओर से गायों की हत्या का क्रूर, अमानवीय और जघन्य कृत्य जघन्य, अमानवीय और जघन्य है। इस कृत्य की बीजेपी कड़ी निंदा करती है.

# यूपी के हस्तशिल्पियों को मिला संगम का बाजार, होगा 35 करोड़ का कारोबार

महाकुम्भनगर (प्रयागराज)। महाकुंभ 2025 में उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हो रहा है। प्रयागराज में संगम पर आयोजित इस महायोगिक उत्सव में 6000 वर्ग मीटर क्षेत्र में 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) की शानदार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यहां कालीन, जरी-जरदोजी, फिरोजाबाद के कांच के खिलौने, बनारस के लकड़ी के खिलौने और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं ।प्रयागराज मंडल के संयुक्त आयुक्त उद्योग, शरद टंडन ने बताया कि 2019 में महाकुंभ से 4.30 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था, जबकि इस बार 35 करोड़ रुपये तक के कारोबार की संभावना है। इससे रोजगार और छोटे उद्यमियों को नई दिशा मिलेगी। व्यवसाय और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे ।महाकुंभ में फ्लिपकार्ट ने भी अपना स्टॉल लगाया है। यहां उद्यमियों को अपने प्लेटफॉर्म पर उत्पाद मुफ्त में बेचने का मौका मिल रहा है। फ्लिपकार्ट के स्टॉल पर खरीदारी करने वालों और देखने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है ।काशी के शिल्पकारों ने लकड़ी के खिलौने, बनारसी ब्रोकेड, मेटल रिपोज, मेटल कास्टिंग जैसे 75 उत्पाद प्रदर्शनी में पेश किए हैं। जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 75 जीआई उत्पादों को ओडीओपी योजना के तहत प्रदर्शित किया जा रहा है। इनमें वाराणसी की लाल मिर्च, बनारसी साड़ी, सुर्खा अमरूद, प्रतापगढ़ का आंवला, मिर्जापुर के पीतल बर्तन और गोरखपुर का टेराकोटा शामिल हैं। कुशीनगर के कालीन और फिरोजाबाद के कांच के खिलौने और बर्तन भी प्रदर्शनी का आकर्षण बने हुए हैं। डॉ. रजनीकांत ने बताया कि 75 जीआई उत्पादों में से 34 काशी क्षेत्र से हैं। उन्होंने इन उत्पादों को पहचान और सुरक्षा देने के लिए जीआई टैग दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## ई रिक्शा चार्जिंग से दुकान में लगी आग, कई वाहन और बैटरी जलकर खाक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कैंट थाना क्षेत्र के माल रोड पर गुरुवार तड़के करीब 4 बजे एक ई-रिक्शा चार्जिंग दुकान में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही मीरपुर छावनी फायर स्टेशन की दमकल गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची।

बाद में किदवई नगर और लाटूश रोड फायर स्टेशन से भी दमकल गाड़ियां बुलाई गईं। दुकान के अंदर चार्जिंग पर रखे ई-रिक्शा और कई बैटरियां धू-धू कर जल रही थीं। फायर कर्मियों ने पहले दुकान की छत की तरफ सीढ़ी लगाकर आग बुझाने का प्रयास किया और फिर शटर खोलकर अंदर से आग पर काबू पाने की कोशिश की। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। फायर सेफ्टी अधिकारी के के सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में चार्जिंग के दौरान वाहन में हुई स्पार्किंग से आग लगने की आशंका है।

# गणतंत्र दिवस गौरवपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से मनाया जाएं :डीएम



बीपीएस न्यूज

कानपुर।।जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस समारोह मनाये जाने की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई।

जनपद में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोष की जयंती के अवसर पर जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम धूम धाम से मनाया जाए व 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस तथा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े धूम धाम से मनाए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही जनपद मे अच्छा कार्य करने वाले सरकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए। बैठक में उपस्थित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी 26 जनवरी को गत वर्ष की भाँति गणतन्त्र दिवस समारोह पूरे जिले में गौरवपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से मनाया जायें।

26 जनवरी को जनपद में प्रातः 6ः00 बजे सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कराया जाये। साथ ही यह भी अपेक्षा की जाती है कि जिन प्रतिमाओं में माल्यार्पण किया जाना है उन प्रतिमा/मूर्ति के चारो तरफ साफ़ सफाई कराते हुए नगर में व्यापक सफाई अभियान व प्रमुख चौराहों पर सजावट व लाइटिंग की जाय । इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय कीडा अधिकारी ने बताया, कि इस बार ग्रीन पार्क परिसर में प्रात: 6ः30 बजे ही दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त (यातायात) यातायात प्रबन्ध करना सुनिश्चित करायेगें। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा दौड के पीछे एक एम्बुलेन्स को व्यवस्था की जायेगी जो अधिकारी इसमें प्रतिभाग करना चाहते है वह कर सकते है। इसमें स्वच्छता के बैनर व पोस्टर भी लगाये जा सकते है। प्रात 7ः30 बजे नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं समाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जायेगी, बच्चों के खेल कूद का आयोजन एवं महापुरूषों के जीवन के सम्बन्ध मे प्रर्दशनी व अन्य खेल कूदों का आयोजन कराया जाये।8ः28 बजे ध्वजारोहण के पूर्व नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा हस्तचालित/विद्युत सायरन आल क्लियर की ध्वनि शहर के विभिन्न स्थानों पर बजाये जायेगें तथा सभी स्थानों की सूची उपलब्ध करायी जायें।प्रातः8ः30 बजे समस्त सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण, कराया जाये, इसके पश्चात संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण अभिवादन तथा राष्ट्रगान का गायन, कराया जायेगा ।सेनानियों तथा सैन्यबल कर्मियों की विधवाओं/परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। जेल में ध्वजारोहण के उपरान्त विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकम, वॉल पेटिंग निबंध आदि प्रतियोगिताए कराई जायेगी साथ ही ध्यानयोग कार्यक्रम तथा बच्चों को मिष्ठान वितरण किया जायेगा। 10 बजे समस्त शिक्षण संस्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन पर ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया जायें। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं समस्त ग्राम वासियों को संक्षेप में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों का इतिहारा बताने के साथ नुक्कड, नाटक, चित्रकला, प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरण कराये जायें। महिला कल्याण विभाग अपने यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगें। उपस्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये गये कि पिछले साल कहा क्या कार्यक्रम आयोजित किये गये उसका विवरण उपलब्ध करायेगें तथा इस वर्ष किन सस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया जायेगा विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर श्री राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरिदत्त नेमी, जिला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सुरजीत समेत समस्त संबंधित विभागों के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर 1918 लाभार्थियों का लक्ष्य

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद कानपुर नगर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए शासन द्वारा चालू वित्तीय वर्ष हेतु शुभ विवाह हेतु वर्ष 2025 में जनवरी-16, 17, 18, 19, 20, 21, 23, 24, 26, 27 व फरवरी- 2, 3, 6, 7, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 23, 25 एवं मार्च-1, 2, 6, 7, 12 तिथियॉं निर्धारित है।उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र आवेदनकर्ता विभागीय पोर्टल/वेबसाइट- https://cmsvy.upsdc.gov.in पर विवाह के लिए निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पूर्व किसी भी इण्टरनेट कैफे, जनसुविधा केन्द्र, लोकवाणी केन्द्र या किसी अन्य ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते है। योजनान्तर्गत जनपद में 1918 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने योजनान्तर्गत पात्रता की शर्तो के बारे में बताया कि कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो, कन्या/कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमन्द हो, आवेदक की परिवार की वार्षिक आय रू0-2.00 लाख से अधिक न हो, पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष एवं वर के लिए 21 वर्ष आयु कम न हो, कन्या के विवाह/विधवा, परित्यक्तता/तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो का पुनर्विवाह, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

उन्होंने उक्त योजना धनराशि व्ययभार के बारे में बताया कि कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाल एवं गृहस्थी हेतु सहायता राशि रू0-35,000/- मात्र सहायता राशि होगी, कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाल एवं गृहस्थी हेतु रू0 10,000/- मात्र के रूप में यथा (कपडें, बिछिया, चांदी के पायल तथा 07 बर्तन इत्यादि) सामग्री प्रदान की जाती है तथा विधवायें, परित्यक्ता, तलाकशुदा के मामले में रू0 5,000/- तक की वैवाहिक सामग्री प्रदान की जाती है, कार्यक्रम आयोजन हेतु भोजन, पण्डाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत/प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु रू0-6,000/- मात्र व्यय किया जायेगा।

# वित्त मंत्री भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति, जो कि उत्तर प्रदेश स्थित केंद्र, राज्य एवं सार्वजनिक क्षेत्र के समस्त अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों का गैर राजनैतिक संयुक्त महामंच है, के तत्वाधान में वित्त मंत्री, भारत सरकार को संबोधित बजट-2025 एवं अन्य माँगों से सबंधित एक ज्ञापन/माँग पत्र मंडलायुक्त, कानपुर मंडल की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में अपर मंडलायुक्त रेनू सिंह को समन्वय समिति के प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ बैंक नेता का0 रजनीश गुप्ता, महामंत्री एवं वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारी-कर्मचारी नेता शरद प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष एवं कूटा अध्यक्ष प्रॉफेसर बी0 डी0 पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रदीप भाटिया (बीमा), डॉ ए0 के0 सक्सेना, राघवेंद्र सिंह, राजीव निगम, कमल अग्रवाल आदि पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल रहे। ज्ञापन/मांग पत्र में आगामी बजट-25 में सभी वेतनभोगी वर्ग को राहत देने हेतु मानक कटौती को बढ़ाकर दो लाख करने, आयकर की छूट सीमा को बढ़ाकर दस लाख करने, मेडिकल, यात्रा सहित विविध खर्च के बदले मिलने वाले भत्तों को करमुक्त करने, बचत प्रोत्साहन हेतु 80सी की छूट सीमा को बढ़ाने आदि के अलावा पुरानी पेंशन को बहाल करने, आठवें वेतन आयोग का शीध्र गठन करने, अनुकंपा भर्ती शत प्रतिशत करने, संविदा एवं निजीकरण के स्थान पर स्थ कर्मियों की भर्ती करने, सभी केंद्रीयकर्मियों को भी कैशलेस सुविधा प्रदान करने आदि कई प्रमुख मांगें शामिल हैं। इस ज्ञापन/माँग पत्र को कुछ दिन पूर्व सीधे वित्तमंत्री, भारत सरकार के साथ साथ प्रधानमंत्री, भारत सरकार के साथ -साथ जिलाधिकारी, कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी, अकबरपुर के सांसद देवेंद्र सिंह भोले, नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गाँधी(कांग्रेस), सांसद अखिलेश यादव(सपा) सहित अनेक प्रतिनिधियों को समिति की मेल द्वारा भेजा जा चुका है। पूरे देश के केंद्र, राज्य सरकार एवं सभी पी0एस0यू0 के सभी अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं श्रमिकों की लाखों लोगों को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि भारत सरकार राजस्व देने में अग्रणी हम वेतनभोगीवर्ग के लिये भी अवश्य ध्यान देगी।

## सर्दी से बचाव के लिए लोई कंबल वितरण, गरीबों को चेहरे खिले

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जो पूरी दुनिया का कचरा साफ करते हैं शहर को साफ रखते हैं उनको समाज मे सम्मान मिलना चाहिए इसी मुहिम को लेकर आज गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी में गुरुद्वारा समिति द्वारा गुरु तेग बहादुर के 350 साल शताब्दी वर्ष को समर्पित लोहड़ी का त्योहार और मकर संक्रांति की शुभ बेला पर कार्यक्रम आयोजित हुआ ।सफाई कर्मयोगियो के साथ सहभोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी विधायक महेश त्रिवेदी के साथ सब ने मिलकर कंबल साल लोई जरूरतमंद लोगों बाटी। लोहड़ी का विशेष प्रसाद मूंगफली तिल रेवाड़ी लाया और चाय का प्रसाद रूप में वितरण सालाना पंचांग का कैलेंडर भी बांटा गया। विधायक ने आए हुए सम्मानित कर्मचारियों का सम्मान साल ओढ़ाकर किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, पंकज द्विवेदी, करमजीत बाबा, कल्याण सिंह, अशोक मिश्रा, अशोक अरोड़ा, श्री चंद असरानी, गुरदीप सहगल, गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।

## कानपुर महानगर सहकार भारती ने मनाया स्थापना दिवस

कानपुर। सहकार भारती का 47वां स्थापना दिवस बड़े उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सहकार भारती कानपुर महानगर द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे ने सहकार भारती के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सहकार भारती एक सामाजिक संगठन है, जिसका मुख्य उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से समाज का आर्थिक उत्थान करना है ।कार्यक्रम में अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह सिंगर ने सहकार भारती के कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहकार भारती विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत है, जैसे कि कृषि, उद्योग, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य। उन्होंने कहा कि सहकार भारती का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरविंद दुबे, विशिष्ट अतिथि शतीस कठेरिया, नीरज त्रिपाठी, दीपेंद्र सिंह सेंगर जिला अध्यक्ष, चंद्रप्रकाश अग्निहोत्री महामंत्री, मीडिया प्रमुख जगनायक प्रधान और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# निदेशक प्रसार ने किया कृषि विज्ञान केन्द्रों का दौरा, दिए निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर।सीएसए के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में वि.वि.के निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव एवं उनकी टीम द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र रायबरेली प्रथम एवं द्वितीय का दौरा किया गया ।निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने केन्द्रों पर उपस्थित वैज्ञानिक एवं प्रभारी से कहा कि उपस्थिति सभी इकाइयों को सुद्रण रखें। जिससे कि किसान भाइयों को उनकी आवश्यकतानुसार प्रयोगात्मक तरीके से प्रशिक्षण दिया जा सके। साथ ही जनपद की जलवायु एवं मिट्टी के अनुकूल फसलों की प्रजातियां का चयन कर फसल उत्पादन बढ़ाए। इस दौरान केंद्र पर संरक्षित खेती के अंतर्गत टमाटर मिर्च बैंगन तथा स्ट्रॉबेरी की तकनीकी को देखा एवं प्रशंसा की। निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव एवं विश्वविद्यालय आरकेवीवाई परियोजना के नोडल अधिकारी डॉक्टर वी के कनौजिया द्वारा आरकेवीवाई योजना अंतर्गत कराए गए निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा केंद्र के प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए ।केंद्र के प्रभारी डॉ आर पी एन सिंह ने अतिथियों को केंद्र द्वारा कृषक हित में चलाया जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव एवं उनकी टीम ने केंद्र पर स्थापित विभिन्न प्रदर्शन इकाइयों नाडेप कंपोस्ट इकाई, वर्मी कंपोस्ट, औषधि वाटिका, अजोला उत्पादन इकाई, नेपियर हरा चारा इकाई, सगंधीय एवं औषधीय आदि का अवलोकन किया। इस दौरान केंद्र के सभी वैज्ञानिक/ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कपड़े की दुकान में आग लगी लाखों के कपड़े जले

बीपीएस न्यूज

कानपुर। साढ़ कस्बा स्थित सचिन गारमेंट्स की दुकान में देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया है। आग की चपेट में आने से दुकान में रखे लाखों रुपए के कपड़े जलकर राख हो गए। जिससे दुकानदार का लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

साढ़ थाना क्षेत्र के साढ़ चौराहे पर स्थित सचिन गारमेंट्स में देर रात भीषण आग लग गई। दुकान मालिक सचिन को जब धुएं की सूचना मिली, तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में दुकान में रखा लाखों रुपये का कपड़ा जलकर राख हो गया। दुकान मालिक सचिन ने बताया कि यह आग जानबूझकर लगाई गई प्रतीत होती है।

## पीपीपी पार्टनरशिप हेतु प्रकाशित निविदा के विरोध में किया प्रदर्शन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जूनियर इंजीनियर संगठन के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर संगठन की शाखा केस्को के द्वारा कार्यालय प्रबंध निदेशक केसा हाउस के समक्ष विभागीय कार्यों के संपादन के उपरांत विरोध सभा आयोजित की गई।

सभी अवर अभियंता एवं प्रोन्नत अभियंताओं द्वारा कार्यालय अवधि में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन व्यक्त किया गया। निजीकरण के विरोध में सभी अवर अभियंता एवं प्रोन्नत अभियंताओं द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। संगठन के अध्यक्ष सतीश चंद्र द्वारा निजीकरण को पूर्णत: असंवैधानिक बताते हुए कहा गया कि निजीकरण ऊर्जा परिवार एवं आम जनमानस के हित में नहीं है, ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण गरीबों, किसानों एवं आम जनमानस के लिए बहुत ही हानिकारक है। सहायक अभियंता प्रबल प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि संगठन के द्वारा निजीकरण का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। संगठन की अध्यक्षता इंश सतीश चंद्र एवं संचालन इंश आलोक मौर्य द्वारा किया गया। सभा में केंद्रीय उप महासचिव इंश द्द्ध्र्ह जेपी वार्ष्णेय, केंद्रीय संगठन सचिव इंश सुधीर श्रीवास्तव एवं समस्त अवर अभियंता एवं प्रोन्नत अभियंता उपस्थित रहे।

# नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में लिए गए अहम फैसले

### -कला एवं संस्कृति के मद में धार्मिक स्थलों व संस्कृति के कार्यों में खर्च होंगे दो करोड़

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में गुरुवार को शहर के जर्जर सभी धार्मिक स्थलों के विकास के लिये 1.85 करोड़ मिल गये। कला एवं संस्कृति के मद में नगर निगम ने यह बजट दिया है। महापौर प्रमिला पांडेय पिछले दिनों से अभियान चलाकर मंदिरों को खोज रहीं थी, बजट मिलने से इन मंदिरों का विकास हो पाएगा।

नगर निगम आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में धार्मिक स्थलों कला और संस्कृति संबंधी कार्यों में दो करोड़ रुपये खर्च करेगा। आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में 2853 करोड़ के मूल बजट में इस मद में 185 लाख रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में इस मद में मात्र 15 लाख का बजट था। नगर निगम कार्यालय में करीब तीन घंटे चली समिति की बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष में सड़कों के निर्माण व मरम्मत के मद में बजट 20 करोड़ रुपये



बढ़कर 120 करोड़ रुपये किया गया है। इसी तरह नाले-नलियों की मरम्मत व निर्माण के मद में बजट डेढ़ करोड़ रुपये बढ़ाया गया है ।पार्कों के रखरखाव के मद में 11 करोड़, कार्यालय भवन के मद में 8 करोड़, मार्ग प्रकाश के मद में 8 करोड़ 90 लाख, स्वास्थ्य सामग्री के मद में 5 करोड़ , यातायात संकेतक अनुरक्षण के मद में डेढ़ करोड़, सीएम ग्रिड योजना में 263 करोड़, पुलिया और गली पिट के निर्माण के मद में दो करोड रुपये बजट बढ़ाया गया है ।एक करोड़ रुपये से घाटों की सफाई कराई जाएगी। करीब 10 करोड़ रुपये से सड़कों के निर्माण सहित 51 विकास कार्य और नामकरण के कई प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। वहीं, महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त सुधीर कुमार की उपस्थिति में सबसे पहले पुनरक्षित बजट और नगर निगम व जलकल के मूल बजट पर चर्चा शुरू हुई। इस दौरान पुनरक्षित बजट 2024-25 19 अरब 47 करोड़ के बढ़ाकर 28 अरब 53 करोड़ बैठक में रखा गया जिसे सर्वसम्मति से कार्यकारिणी ने पास कर दिया। बैठक में जलकल का 4 अरब 32 करोड़ 99 लाख रुपये मूल बजट पास हो गया।

## आयकर के छूट की सीमा बढ़ाने की मांग

कानपुर। कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति, जो कि उत्तर प्रदेश स्थित केंद्र, राज्य एवं सार्वजनिक क्षेत्र के समस्त अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों का गैर राजनैतिक संयुक्त महामंच है, के तत्वाधान में माननीय वित्त मंत्री, भारत सरकार को संबोधित बजट-2025 एवं अन्य माँगों से सबंधित एक ज्ञापन/माँग पत्र मा0 मंडलायुक्त, कानपुर मंडल की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में अपर मंडलायुक्त आदरणीया रेनू सिंह को समन्वय समिति के प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिया गया। महामंत्री एवं वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारी-कर्मचारी नेता शरद प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष एवं कूटा अध्यक्ष प्रॉफेसर बी0 डी0 पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रदीप भाटिया (बीमा), डॉ ए0 के0 सक्सेना, राघवेंद्र सिंह, राजीव निगम, कमल अग्रवाल आदि पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल रहे ।ज्ञापन/मांग पत्र में आगामी बजट-25 में सभी वेतनभोगी वर्ग को राहत देने हेतु मानक कटौती को बढ़ाकर दो लाख करने, आयकर की छूट सीमा को बढ़ाकर दस लाख करने, मेडिकल, यात्रा सहित विविध खर्च के बदले मिलने वाले भत्तों को करमुक्त करने, बचत प्रोत्साहन हेतु 80सी की छूट सीमा को बढ़ाने आदि के अलावा पुरानी पेंशन को बहाल करने, आठवें वेतन आयोग का शीध्र गठन करने, अनुकंपा भर्ती शत प्रतिशत करने, संविदा व निजीकरण के स्थान पर स्थायी सरकारी भर्ती करने, सभी केंद्रीयकर्मियों को भी कैशलेस सुविधा प्रदान करने आदि कई प्रमुख मांगें शामिल हैं ।इस ज्ञापन/माँग पत्र को कुछ दिन पूर्व सीधे वित्तमंत्री, भारत सरकार के साथ साथ प्रधानमंत्री, भारत सरकार के साथ -साथ माननीय जिलाधिकारी, कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी, अकबरपुर के सांसद देवेंद्र सिंह भोले, नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गाँधी(कांग्रेस), सांसद अखिलेश यादव(सपा) सहित अनेक प्रतिनिधियों को समिति की मेल द्वारा भेजा जा चुका है। पूरे देश के केंद्र, राज्य सरकार एवं सभी पी0एस0यू0 के सभी अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी व श्रमिकों की लाखों लोगों को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है।

# कैबिनेट मंत्री ने मंडलस्तरीय 15 दिवसीय प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से मोतीझील लॉन में गुरुवार से मंडलस्तरीय 15 दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि खादी व ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान व सांसद रमेश अवस्थी ने किया। राकेश सचान ने कहा कि खादी एक वस्त्र नहीं विचार है।2017 से 2024 तक 3.99 लाख लोगों को खादी के द्वारा रोजगार दिया गया। खादी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयास किया जा रहे हैं, सरकार द्वारा 15 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है। मोतीझील लॉन में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से हैंडमेड व खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए 130 स्टॉल लगाए गए है। कैबिनेट मंत्री व सांसद ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर खादी व हैंडमेड उत्पादों को परखा। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना चला कर निशुल्क चरखे उपलब्ध करा रही है। खादी बोर्ड द्वारा दोना-पत्तल, पॉपकॉर्न मशीन खादी संस्थाओं को निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंकों से ब्याज मुक्त ऋण दिलाया जा रहा ।महात्मा गांधी ने 100 साल पहले बंगाल में देशवासियों से खादी के वस्त्रों को अपनाने और विदेशी कपड़ों की होली जलाने की अपील की थी। उस समय पर्याप्त संचार के माध्यम न होने के बावजूद लोगों ने उनकी आवाज सुनी और कुछ दिनों में विदेशी कपड़े जो हिंदुस्तान में कब्जा किए थे, उसे खत्म करने का काम किया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड समेत अन्य प्रदेशों से 130 स्टाल लगाए गए हैं। छोटे स्तर के व्यापारियों के प्रचार प्रसार के लिए प्रदेश सरकार की ओर से मंडल स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। प्रधानमंत्री रोजगार योजना 50 लाख तक का लोन दिया जा रहा है, जिसमें शहरी क्षेत्र में उद्योग लगाने पर 15 से 25 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग लगाने पर 25 से 35 प्रतिशत की सब्सिडी मिलती है। मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना में 10 लाख तक के लोन दिए जाते है। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, सुबोध अग्रवाल, विवेक शुक्ला, अशोक मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, निजामुद्दीन, अजय राज द्विवेदी, बालकृष्णन देवड़ा, योगेंद्र पाल, अशोक कुशवाहा मौजूद रहे।



# बहू से प्रताड़ित बुजुर्ग महिला ने डीसीपी साउथ दफ्तर पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बर्रा निवासी सुमित माथुर की शादी बर्रा निवासी आकांक्षा तिवारी से 2018 में हुई थी। मीरा शर्मा ने आरोप लगाते हुए बताया कि बर्रा निवासी आकांक्षा तिवारी,

सुमित माथुर की पत्नी हैं, जिस से उसने सन 2018 मे शादी की थी, उसको तबाह करने के बाद आकांक्षा तिवारी अपनी माँ राधा तिवारी और मामी निधी व रिंकी, मामा लालू व मामा के बेटे शिवा के साथ एक राय होकर मेरे बेटे से धोखाधड़ी करते हुए व सुमित माथुर को बिना तलाक दिये उपरोक्त शादी को छिपा कर जल्द बाजी में आर्य समाज मंदिर मे बिना दान दहेज के शादी की, शादी के बाद आकांक्षा हर दूसरे दिन अपने मायके जाने लगी और फोन पर घण्टो बात करती तो हम लोगो को शक हुआ,

जब पता किया तो पता चला कि आकांक्षा पहले से शादी शुदा है, जब हम लोगो ने कहा कि तुम पहले अपने पहले पति सुमित माथुर से तलाक ले लो फिर रहो तो कहने लगी हम कोई तलाक नही लेंगे अगर तुम लोगो ने मेरी पहली शादी के विषय पर किसी से बात किया तो तुम लोगो को झूठे मुकदमे में फंसा देगे और घर का जेवर आदि चुरा कर अपने मायके चली गई और रूपये की मांग रखकर ब्लैकमेल करने लगी।

ज़िसकी शिकायती प्रार्थना पत्र पुलिस कमिशनर जी को दी, ज़िसकी पेशबन्दी मे दिनांक 25 अक्टूबर को सोंची समझी साजिश के तहत हम लोगो पर झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया, ज़िसमे हम लोग स्टे के लिये हाई कोर्ट इलाहाबाद चले गये तो मेरे घर मकान न. 12 एल. आई. जी. गुलमोहर विहार थाना हनुमंत बिहार वाले मकान में आकांक्षा तिवारी अपनी माँ राधा तिवारी और मामी निधी व रिंकी, मामा लालू व मामा के बेटे शिवा व अन्य आपराधिक लोगो के साथ मिलकर सूने घर का ताला तोड़कर घर मे रखा रूपये, जेवर व कीमती सामान लूट ले गई व मकान पर कब्जा कर लिया जब हम लोगो को पता चला तो हम लोग ने पुलिस से शिकायत की पर पुलिस ने मेरी एक नही सुनी और उलटा कहा की आकांक्षा व उसका परिवार तो रहेगा आप नही रह सकती, हम लोगो ने कहा कि वो मेरे घर का सारा सामान जेवर सहित सब अपने परिवार वालो के सहयोग से लूट ली है मेरा मुकदमा ही लिख दीजिये पर पुलिस ने हमारी एक नही सुनी, हम लोगो ने आकांक्षा के विषय मे पता किया तो लोगो ने बताया कि आकांक्षा व इसके परिवार का यही धंधा है।

पहले शादी करना फिर लड़को के ऊपर झूठा मुकदमा लगाना और रुपये ऐठना ज़िससे पलता हैं इसका परिवार लोगो के द्वारा हम लोगो तक भी, आकांक्षा ने खबर पहुंचाई है 25 लाख हमको देदे हम घर खाली कर देंगे, आकांक्षा पहले भी लड़के वालो से रुपये वसूल चुकी है ।इस कार्य मे आकांक्षा, माँ राधा मामा लालू मामी निधी व रिंकी मामा का बेटा शिवा सभी सम्मिलित हैं। जानकारी मिलने पर मीरा शर्मा ने बेटी संग मिलकर पुलिस उपायुक्त से शिकायत की। जहां डीसीपी ने पीड़िता को न्याय का आश्वासन दिया।

# गांजा तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व पुलिस उपायुक्त पूर्वी व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी व सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक चकेरी के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 अंकित खटाना मय हमराह पुलिस बल उ0नि0 अंकित खटाना मय हमराह पुलिस बल उ0नि0 रवि शंकर, उ0नि0यू0टी0 राहुल कुमार, उ0नि0यू0टी0 अनुराग आर्य व आरक्षी 3381 बंटी कुमार थाना चकेरी कमि0 कानपुर नगर पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार अमित राजपूत उर्फ पंचू पुत्र स्व0 राधेलाल निवासी गणेशपुर गाँव थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 35 वर्ष को नाजायज गाँजा 6.400 किलोग्राम के साथ रामराज्य के पीछे चौकी क्षेत्र सनिगवाँ थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया है ।गिरफ्तारी शुदा अभियुक्त उपरोक्त की दौराने गिरफ्तारी मा0 उच्च न्यायालय ।सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों / निर्देशों का पालन किया गया है। गिरफ्तारी शुदा अभियुक्तगणों को थाने लाकर विधिक कार्यवाही करते हुये नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।गिरफ्तार अभि0 का नाम व पता अमित राजपूत उर्फ पंचू पुत्र स्व0 राधेलाल निवासी गणेशपुर गाँव थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 35 वर्ष बरामद माल का विवरण:- छ: किलो चार सौ ग्राम नाजायज गांजाअभियुक्त के खिलाफ पंजीकृत अन्य अभियोग मु0अ0सं0 05/2024 धारा 120बी/201/302/34/363 भादवि व 4/25 आयुध अधि0 थाना सेन पश्चिम पारा कानपुर नगर ।मु0अ0सं0 390/2020 बारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना-चकेरी कानपुर नगर मु0अ0सं0 1243/2021 धारा 18 बी/20/8 एनडीपीएस एक्ट थाना चकेरी कानपुर नगरगिरफ्तार करने वाली टीम के अधि0/कर्म0 गण:प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे थाना चकेरी, उ0नि0 अंकित खटाना चौकी प्रभारी सनिगवों थाना चकेरी उ0नि0 रवि शंकर थाना चकेरी उ0नि0यू0टी0 राहुल कुमार थाना चकेरी उ0नि0यू0टी0 अनुराग आर्य थाना चकेरी बंटी कुमार थाना चकेरी कानपुर नगर।

# नालों से गंगा नदी में किसी भी प्रकार का शोधित या अशोधित पानी उत्प्रवाहित न हो: जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह



कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ?द्वारा महाकुंभ के आयोजन के दृष्टिगत जनपद में गंगा नदी में उत्प्रवाहित होने वाले नालों में से पूर्व में पूर्णत: टैप्ड सीसामऊ नाले का अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम, कानपुर नगर एवं परियोजना प्रबंधक, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई, कानपुर नगर के साथ निरीक्षण किया ।परियोजना प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि सीसामऊ नाले में जनपद के कोपरगंज, लक्ष्मीपुरवा, अनवरगंज, दलेलपुरवा, हीरामन का पुरवा, बेकनगंज, चमनगंज, चुन्नीगंज, अशीक नगर, हर्ष नगर, खलासी लाइन, ग्वालटोली, गुमटी, बेनाझाबर एवं सन्त नगर वार्डों का संपूर्ण सीवेज उत्प्रवाह 140 एमएलडी प्राप्त होता है। जिसमें से 80 एमएलडी सीवेज को बकरमंडी टैपिंग में टैप करके ग्रेविटी सीवर लाइन के माध्यम से 210 एमएलडी एसटीपी बिनगवां शोधन हेतु प्रेषित किया जा रहा है। अवशेष 60 एमएलडी सीवेज में से 45 एमएलडी सीवेज उत्प्रवाह को वी0आई0पी0 रोड स्थित सीसामऊ पम्पिंग स्टेशन के माध्यम से पम्प करके 130 एमएलडी एवं 43 एमएलडी एसटीपी जाजमऊ में शोधन हेतु प्रेषित किया जा रहा है। अवशेष 15 एमएलडी सीवेज उत्पवाह को वी0आई0पी0 रोड स्थित सीसामऊ नाले की टैपिंग से ग्रेविटी सीवर के माध्यम से परमट पम्पिंग स्टेशन में प्रेषित किया जा रहा है, जहां से पंप करके शोधन हेतु 130 एमएलडी एसटीपी जाजमऊ में प्रेषित किया जा रहा है। 45 एमएलडी क्षमता के सीसामऊ एसपीएस पर वर्तमान में 90 एमएलडी औसत उत्प्रवाह प्राप्त हो रहा है। सीसामऊ एस0पी0एस0 पर 150 एचपी के कुल 6 नग पम्प अधिष्ठापित है, जिसमें से 4 नग पम्प रनिंग एवं 2 नग स्टैण्ड बाड़े हैं। वर्तमान में अधिक उत्प्रवाह प्राप्त होने पर पीक पम्पिंग करके सीवेज ओवरफ्लो को रोका गया है। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान गंगा नदी में प्रवाहित होने वाले नालों के संबंध में निम्नलिखित निर्देश दिए-

1. विगत समय में पूर्ण रूप से टैप किए गए सीसामऊ नाले से अशोधित पानी के उत्प्रवाह की खबर कतिपय समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा पूछे जाने पर परियोजना प्रबंधक, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में मेट्रो के अंडरग्राउंड निर्माण के कारण नाले के पानी को ट्रीटमेंट प्लांट तक ले जाने हेतु किए गए डायवर्जन में पानी का फ्लो बढ़ जाने एवं पंपिंग स्टेशन पर एक पंप के खराब होने के कारण नाले का पानी गंगा नदी में प्रवाहित हो गया था। यह भी अवगत कराया गया है कि मेट्रो द्वारा डायवर्जनको सही करा दिया गया है, पंपिंग स्टेशन पर भी समस्त पंप संचालित हैं तथा वर्तमान में किसी भी प्रकार का शोधित अथवा अशोधित पानी गंगा नदी में प्रवाहित नहीं हो रहा है ।2. जिलाधिकारी द्वारा अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबंधक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि महाकुंभ के आयोजन को दष्टिगत रखते हुए किसी भी दशा में नालों से गंगा नदी में किसी भी प्रकार का शोधित या अशोधित पानी उत्प्रवाहित न हो, इसका समुचित ध्यान रखा जाए एवं इसमें सतर्क दृष्टि रखी जाए ।3. गंगा नदी में प्रवाहित होने वाले नालों के उत्प्रवाह को शोधित किए जाने हेतु बने पंपिंग स्टेशनों में विद्यमान समस्त यांत्रिक व्यवस्थाओं को अध्यावधिक स्थिति में रखा जाए तथा अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं यथा- पंपिंग स्टेशनो में पंपों एवं डीजी सेट की अतिरिक्त व्यवस्था रखी जाए, ताकि किसी भी स्थिति में इसका उपयोग कर नालों के उत्प्रवाह को गंगा नदी में उत्प्रवाहित होने से रोका जा सके।

# नवागत जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नवागत जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आज अपरान्ह कोषागार में अपना कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् अपनी प्राथमिकताए बताते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। जनहित के विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य किया जायेगा, जिसमें समयबद्धता का विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा व इसमें लिप्त पाये गये अधिकारी व कर्मचारी पर कठोर कार्यवाही की जायेगी ।श्री जे0पी0 सिंह 1996 बैच में यू0पी0एस0सी0 भारतीय सूचना सेवा में भी चयनित हुये। साथ ही, वे 1997 पी0सी0एस0 बैच के टॉपर हैं व 2013 बैच के आई0ए0एस0 अधिकारी हैं। उन्होंने बर्मिंघम यूनिवर्सिटी से एम0बी0ए0 भी किया हैं। कानपुर नगर के जिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करने से पहले जितेन्द्र प्रताप सिंह निदेशक राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद तथा जिलाधिकारी देवरिया, कानपुर देहात, बागपत के पद पर भी शासकीय दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

# न्यायालय परिसर में शौचालय की आवश्यकता को ले जिला जज से मिले

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अधिवक्तागण पुराने देहात न्यायालय परिसर में शौचालय की आवश्यकता को ले जिला जज प्रदीप कुमार सिंह से मिले ।संघर्ष समिति संयोजक पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने बताया कि पुराने देहात न्यायालय परिसर जहां कमर्शियल कोर्ट समेत दीवानी और फौजदारी की अदालतें कार्यरत है और सैकड़ो अधिवक्ताओं के चैंबर है प्रतिदिन हजारों वादकारियों का आना जाना है किंतु परिसर में एक भी शौचालय न होने से वादकारियों और अधिवक्ताओं को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है हमारे पूर्व के प्रतिवेदन पर कोर्ट मैनेजर तथा पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ने चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया था किंतु आज दिन तक शौचालय की व्यवस्था न होना अत्यंत दुखद है।

देश की उच्चतम न्यायालय द्वारा शौचालय को जरूरी सुविधा का विषय नहीं बल्कि जीवन का अधिकार कहा है पुरुषों महिलाओं दिव्यांगो और ट्रांसजेंडर के लिए अलग-अलग शौचालय के व्यवस्था की बात कही हैहमारी मांग है कि पुराने देहात न्यायालय परिसर में तत्काल शौचालय (जिसमे महिलाओं की अलग स्थान हो )की व्यवस्था कराया जाना अति आवश्यक है ।जिला जज ने प्रतिवेदन प्राप्त कर पुराने देहात न्यायालय परिसर में अति शीघ्र शौचालय बनवाए जाने का आश्वासन दिया ।जनपद न्यायाधीश के आश्वासन से हम अधिवक्ताओं को विश्वास है कि अब शीघ्र हमारी मांग पूरी हो जायेगी ।प्रमुख रूप से राम नवल कुशवाहा कोषाध्यक्ष बार एसोसिएशन राम नारायण पांडे प्रमोद श्रीवास्तव अरविंद दीक्षित रमा गुप्ता राजेश तिवारी पूजा गुप्ता विनीता आशीष अवस्थी विनोद पाल आशीष कुमार शिवम गंगवार वीर जोशी इंद्रेश मिश्रा राज कुमार अवस्थी सत्येंद राय प्रियम जोशी के के यादव आदि रहे।

# सरसैया घाट की जगह भैरो घाट जल समाधि लेने पहुंचे वीरेन्द्र कुमार

**पहली बार प्रदेश के कोने कोने से दिव्यांगों ने सरसैया घाट पहुंच कर किया शक्ति प्रदर्शन**



बीपीएस न्यूज

कानपुर। दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव व राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के जल समाधि कार्यक्रम में प्रदेश के कोने कोने से दिव्यांगों का हुजुम आज सरसैया घाट पर इक्ट्ठा हुए और अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव व राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार द्वारा पुलिस को चकमा देकर सरसैया घाट की जगह भैरो घाट में जल समाधि लेने पहुंच गये। सुचना पर एक घण्टे बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और गंगा जी से बाहर निकाला। वीरेन्द्र कुमार के जल समाधि लेने की सुचना पर दिव्यागों में आक्रोश बढ़ गया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उधर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी के नेतृत्व में एक दर्जन दिव्यांग सरसैया घाट में घुस गए और प्रर्दशन किया। जिसमें तन्यमय श्रीवास्तव, गुड्डी दीक्षित, आरती, अनुराधा, मीरा राजेश मौर्या आदि शामिल थे ।ए.डी.एम. सिटी व ए.डी.सी. पी. ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन लिया।

किदवई नगर के राजेश शुक्ला, बिठुर के अजीत कुरील व प्यारे लाल के उत्पीड़न कि रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों ने दर्ज करवा दी।

# फैक्ट्रियों के बाहर निगरानी समाप्त करने की मांग, किया धरना प्रदर्शन



कानपुर। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र, प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता, महानगर महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने व युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र के नेतृत्व मे थोक बाज़ारो की हृदय स्थली भारत माता प्रतिमा स्थल घंटाघर पर सैकड़ो व्यापारी उद्यमी एकत्र होकर स्टेट जी एस टी द्वारा कानपुर की पहचान पान मसाला उद्योग को समाप्त करने के षड्यंत्र के खिलाफ और पान मसाला व लोहा सहित इनकी फैक्टियों के बाहर निगरानी समाप्त करने की मांग को लेकर पी एम, सी एम व केंद्रीय वित्त मंत्री को ज्ञापन ई मेल से भेजकर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया।

यह भी तय हुआ कि इस मामले मे आज से अगले तीन दिनों मे कानपुर से दस हज़ार व्यापारियों व उद्यमियों द्वारा पी एम, सी एम व केंद्रीय वित्त मंत्री को ई मेल से ज्ञापन भेजे जायेंगे।

धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि स्टेट जी एस टी द्वारा प्रदेश की आर्थिक राजधानी कानपुर की पहचान पान मसाला उद्योग के बाहर 24 घंटे निगरानी करने से ये उद्योग पलायन कर रहा है और जो बचे है उनमे उत्पादन नाम मात्र का रह गया है। प्रदर्शन मे किराना बाजार से पूर्व महामंत्री सुरेंद्र भसीन, वर्तमान उपाध्यक्ष अनुज गुप्ता, पप्पू पांडे, अमित बाजपेई, तारक गुप्ता व दुर्गेश गुप्ता आदि कई व्यापारी शामिल हुए।

# महापौर आपके वार्ड शिविर में सुनी जनसमस्याएं कराया निस्तारण

कानपुर। महापौर प्रमिला पांडे ने वार्ड 7 निराला नगर में समस्याओं के निवारण हेतु शिविर लगाया जिसमें फरियादी संजय पांडे ने बताया कि जिस पार्क में आपका शिविर लगा है ।पूर्व में इसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम से था जिसका नाम वर्तमान में बदल दिया गया इस पर महापौर ने अपर नगर आयुक्त से पार्क के नामकरण संबंधित दस्तावेज जांच कर आख्या तत्काल देने को कहां महापौर प्रमिला पांडे ने कहा कि इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थी जिसका हम सभी लोग सम्मान करते हैं दूसरा मामला नीलम का जिन्होंने बताया कि इसी महीने मेरे बेटे की शादी है और मेरे निवास के पास सीवर का पानी भरा हुआ है और साफ सफाई नहीं होती है जिस पर महापौर ने संज्ञान लेकर अधिशासी अभियंता को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए, वही स्थानीय लोगों ने बताया कि वार्ड 82 ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण है जिस पर महापौर ने 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।

# विवि में उद्यमोत्सव 2025 का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ



बीपीएस न्यूज

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस पर गुरुवार को उद्यमोत्सव 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और ऑल इंडिया कॉन्सिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन के सहयोग से कार्यक्रम को आयोजित किया गया।

विवि के सेनानायक तात्या टोपे सीनेट हॉल में कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह डिजिटल माध्यम से हुआ। जहां पर देश के कई हिस्सों के शिक्षण संस्थान ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर देश में उद्यमिता को प्रोत्साहित किया। विवि में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा को छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन की डायरेक्टर और डीन डॉ. शिल्पा देश कायस्ता ने प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम को लेकर विवि कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने छात्रों से उद्यमिता और नवाचार पर बात करते हुए कहा %स्टार्टअप के लिए आइडिया सबके पास होता हैं, लेकिन डर की वजह से आगे नहीं बढ़ पाते है। भारत में व्यवसाय और स्टार्टअप्स को बढ़ाने में समाज की जिम्मेदारी भी है ।उन्होंने छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आपको असफलता मिलती है तो घबराने की जरूरत नहीं है। असफलता से ही हम आगे बढ़ सकते हैं। इस कार्यक्रम में देशभर से 17 स्टार्टअप ने भाग लिया, जो कि हेल्थ, टेक, कृषि आदि सेक्टरों से हैं। अनिकार्थ वेंचर्स से आरती गुप्ता ने कहा कि आज के समय में भारत इनोवेशन और स्टार्टअप्स के जरिए विश्व पटल पर पहचाना जा रहा है। उन्होंने छात्रों से कहा कि यदि आप पैसा कमाना चाहते हैं तो केवल नौकरी से काम नहीं चलेगा. आपको अपना स्वयं का व्यवसाय करना पड़ेगा। उन्होंने महिलाओं को इस क्षेत्र में आने पर जोर दिया। जेट निटवेयर्स के सीएमडी बलराम नरूला ने छात्रों को आश्वासन दिया कि वे अर्ली स्टेज के स्टार्टअप को हर तरह से आगे बढ़ने में मदद करेंगे। उद्योगपति अतुल सेठ ने बताया कि 2016 के बाद 1 लाख 57 हजार स्टार्टअप्स रजिस्टर हुए हैं और लगभग 100 स्टार्टअप यूनिकॉर्न स्टार्टअप के रूप में चल रहे हैं। इसमें से कई स्टार्टअप्स ग्रामीणांचल से हैं। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्टर डॉ अनिल कुमार यादव, के इन्क्यूबेशन मैनेजर अनिल त्रिपाठी, सीईओ विवेक मिश्रा, ष्टस्झ्स्ब्ड्स्न के डायरेक्टर डॉ. सुधांशु राय आदि लोग मौजूद थे।

# आधी रोटी खाए, बच्चों को ज़रुर पढ़ाएं



कानपुर। खानकाहे हुसैनी के ज़ेरे एहतिमाम आले नबी औलादें अली हज़रत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती अजमेरी संजरी गरीब नवाज़ (रह0अलै0) की यौम ए विलादत पर जशन ए गरीब नवाज़ परम्परागत ढंग से खानकाहे हुसैनी हज़रत ख्वाजा सैय्यद दाता हसन सालार शाह (रह0अलै0) की कर्नलगंज, ऊँची सड़क स्थित दरगाह पर शिक्षा का संदेश देकर मनाया गया।

तिलावते कुराने पाक से जशन ए गरीब नवाज़ की शुरुआत हुई जशन ए गरीब नवाज़ को खिताब करते हुए खादिम खानकाहे हुसैनी इखलाक अहमद चिश्ती ने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज़ की यौम ए विलादत (जन्मदिन) इस्लामी कलैंडर के मुताबिक 14 रजब हिज़्री 537 ईरान के संजर मे सादिक़ के वक्त पीर (सोमवार) के दिन हुई थी ।गरीब नवाज़ ने 9 साल की उम्र मे कुरान हिफ्ज़ कर लिया था। पैगम्बर ए इस्लाम हुज़ूर सरकार सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा (स0अ0व0) ने गरीब नवाज़ से कहा था कि ऐ मोईनुद्दीन तू हमारे दीन का मोईन (मददगार) है। हमने हिन्द की खिलाफत तुझे अता की है। मुख्तार ए कायनात का हुक्म पाकर 586 हिजरी मे ख्वाजा गरीब नवाज़ हिंदुस्तान मे आये हिंदुस्तान की सरज़मीं से गरीब नवाज़ ने मोहब्बत, अमन, इंसानियत का 813 साल पहले भारत में प्रेम का ऐसा पैगाम दिया कि आज भारतवासियों के हृदय में उनमे आस्था है उनके दरबार मे सभी धर्मों के मानने वाले आते हैं। उनके जन्मदिन पर शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने का संदेश दिया गया। दीनी और दुनियावी तालीम हासिल करना बहुत ज़रुरी है आधी रोटी खाए बच्चों को ज़रुर पढ़ाएं।

खिताब के बाद दरुदों सलाम का नज़राना पेश कर नज़र व दुआ हुई दुआ के बाद खानकाहे हुसैनी के बाहर कैम्प लगाकर राहगीरों, बच्चों को मिष्ठान व शाम को चाय वितरण किया गया। जशन मे इखलाक अहमद चिश्ती, परवेज़ आलम वारसी, मोहम्मद सैफ खान, एजाज़ अहमद, मोहम्मद युनुस खान, मोहम्मद वसीम, एजाज़ रशीद, महमूद आलम, हबीब आलम, मोहम्मद अज़हर, जमालुद्दीन फारुकी, शारिक वारसी, खादिम खानकाहे हुसैनी अफ़ज़ाल अहमद आदि लोग मौजूद थे।

# मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी भोज का किया गया आयोजन




बीपीएस न्यूज

कानपुर। मकर संक्रांति के पर्व पर जगह-जगह खिचड़ी भोज एवं चाय वितरण का आयोजन किया गया। इसी तरह से सरसैया घाट जाने वाली रोड पर एडवोकेट अमित साहू ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। अमित साहू ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी खाने का अपना एक अलग महत्व होता है। इसलिए कहीं-कहीं पर मकर संक्रांति को खिचड़ी के नाम से भी जाना जाता है। मकर संक्रांति का यह पर्व प्रत्यक्ष रूप से भगवान सूर्य से जुड़ा है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होते है। इस दिन सूर्य धनु राशि से परिवर्तन करेंके मकर राशि में आते हैं। यही कारण है कि मकर संक्रांति यानी की सूर्य संक्रांति भी कहते हैं।भारत के साथ-साथ अलग-अलग जगहो में खिचड़ी के नाम से जाना जाता है। सुबह से ही खिचड़ी भोज का आनंद लेने के लिए राहगीरों की भीड़ उमड पड़ी। सभी लोगों ने खिचड़ी भोज का आनंद लेकर भगवान सूर्य देव को धन्यवाद दिया। एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। खिचड़ी भोज कार्यक्रम में मुख्य रूप से एक्सप्रेस रोड महामंत्री हाजी इखलाक मिर्जा, बीपीएस न्यूज संपादक बी.पी. साहू, पत्रकार राजन साहू, एडवोकेट अमित साहू, पत्रकार सलीम खान, जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद रजा, एडवोकेट जगदीश साहू, एडवोकेट अनिल साहू, सचिन साहू, पत्रकार आशीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा प्रमिला सभागार में किया गया खिचड़ी भोज

कानपुर। नगर निगम कर्मचारी संघ के द्वारा प्रमिला सभागार मोतीझील कार्यालय में हर साल की तरह इस साल भी मकर सक्रांति के तीसरे दिन खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया वही प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को लेकर पहले स्नान के दिन सभी ने गंगा में डुबकी लगाकर आस्था व पूजा अर्चना करके महाकुंभ का लुत्फ उठाया जिसमें सैकड़ो लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया साथ ही मकर संक्रांति के दिन जगह-जगह खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

वही नगर निगम के सारे अधिकारी व कर्मचारियो ने खिचड़ी भोज में उपस्थित होकर खिचड़ी ग्रहण किया इस मोके पर महापौर नगर आयुक्त पार्षद गण, जोनल अधिकारी, जोनल अभियंता व नगर निगम के विभिन्न यूनियन संगठन के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे देवी दीन भाऊ, रमा कांत मिश्र, नीलू निगम, मुन्ना हजारिया, मुन्ना पहलवान, पंकज शुक्ल, संजय हज़ारिया, राम गोपाल सरपंच, राम गोपाल, राजू पवन, श्याम लाल, पप्पू , शिव शंकर मिश्र, आदि मौजूद।





## जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री गौ संवर्धन योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की गई। प्रदेश में दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि कर प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाये रखने, स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों की सख्या में वृद्धि करने के उदेश्य से बाहरी प्रदेशों से स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों के क्रय को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्यमन्त्री स्वदेशी गौ-सवर्धन योजना चल रही है उक्त योजना में प्रति लाभार्थी को दो गाय स्वदेशी नस्ल की बाहरी प्रदेश से क्रय कर लानी होती है जिसकी लागत लगभग दो लाख होती है। सरकार द्वारा प्रर्ती लाभार्थी को 40 प्रतिशत अनुदान (80 हजार रुपये) दिया जाता है। जनपद को 73 इकाई का लक्ष्य आवंटित था जिसके सापेक्ष 24 लाभार्थी द्वारा गाय क्रय कर लाई गई है।

ग्यारह लाभार्थियों के खाते में 40 प्रतिशत अनुदान वितरित कर दिया गया है। बैठक में बीमा अधिकारियों को बीमा कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। नंद बाबा दुग्ध मिशन की अन्य योजनाओं के बारे में भी विस्तृत रूप में चर्चा की गई।स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के लाभार्थी श्री राजा सिंह पुत्र श्री बाबू सिंह, श्रीमती सीमा देवी पत्नी श्री संदीप सिंह, श्री विकास सिंह पुत्र श्री भोजराज सिंह, श्री जीतू पुत्र श्री उजागर लाल, श्रीमती मीना पत्नी स्व मधुसूदन को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 80000 रु का डमी चेक वितरित किया गया।

## सीजनल इंफ्लुएंजा रोग के सम्बंध कार्यशाला का हुआ आयोजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। प्रदेश में सीजनल इंफ्लुएंजा रोग के सम्बंध में बुधवार को दोपहर 2 बजे सेमीनार हॉल, मेडिसिन विभाग, जीएसवीएम मेडिकल कालेज कानपुर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डा0 बी0पी0 प्रियदर्शी आचार्य एवं कार्यवाहक विभागाध्या मेडिसिन विभाग, डा0 संजय वर्मा, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष रेस्पिरेटरी विभाग, डा0 विकास मिश्रा आचर्य, माइक्रोबायोलॉजी विभाग एवं डॉ अमितेश यादव, सह-आचार्य, बाल रोग विभाग द्वारा सीजनल इंफ्लुएंजा रोग के लक्षण एवं उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की गयी एवं कार्यशाला में उपस्थित नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यशाला के दौरान प्रो0 बी0पी0 प्रियदर्शी ने बताया कि सीजनल वायरल इंफेक्शन ऑफ द रेस्पिरेटरी सिस्टम से संबंधित विभिन्न वायरस जैसे कि इंफ्लुएंजा, पैरा इंफ्लुएंजा, रिपोटरी रियल वायरस, कोरोना वापर एडिनो वायरस तथा ह्यूमन मेन्यूमोवायरस के बारे में जानकारी दी गयी तथा यह बताया गया कि एचएम0पी0बी0 नया वायरस नहीं है। यह वायरस लगभग 2001 से मौजूद है। इससे आमजन लोगों में साधारण लक्षण के साथ ही प्रकोप करता है लगभग 8 दिन से लेकर 2 हफ्ते में मरीज ठीक हो जाता है। इसी क्रम में संजय वर्मा आचार्य एवं विभागाध्यक्षा रेस्पिरेटरी विभाग के द्वारा उपरोक्त सभी वायरस से संबंधित लक्षण एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गयी एवं कार्यशाला में उपस्थित नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डा0 विकास मिश्रा आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा इयूमन नेटान्यूमोवायरस की जांच एवं रोकथाम हेतु जानकारी प्रदान की गयी एवं कार्यशाला में उपस्थित नर्सिन एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बाल रोग विभाग के सह आचार्य डॉ अमितेश यादव, सह-आचार्य बाल रोग विभाग द्वारा हयूमन के लक्षण एवं उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की गयी एवं कार्यशाला में उपस्थित नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यकाला के समापन पर डा0 एन0त्ती त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, लाला लाजपत राय अस्पताल द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया। कार्यक्रम में लाला लाजत राय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय के समस्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मैट्रन नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाक तथा प्रशिक्षणरत् पैरामेडिकल के छाक-छात्रा उपस्थित रहे।

## हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया खिचड़ी वितरण



कानपुर। किदवई नगर जंगली देवी मंदिर के पास हनुमान मंदिर पर किया गया खिचड़ी वितरण। अजय शर्मा ने बताया कि हर्ष वर्ष की तरह इस वर्ष भी खिचड़ी वितरण किया गया है। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एससी एसटी आयोग के सदस्य रमेश टुंडे व पूर्व भाजपा विधायक रघुनंदन भदौरिया मौजूद रहे। खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय शर्मा, मनोज शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद हरिशंकर गुप्ता, राकेश गौतम, भरत शर्मा, मनीष शर्मा, अनिल सिंह चंदेल, राजू सोनकर, बीपीएस न्यूज पत्रकार आशीष शर्मा, छोटे लाल श्रीवास्तव, आनंद पांडे, मोहम्मद, विवेक सिंह चंदेल, अनुज शर्मा, संदीप उर्फ लाला आदि मौजूद रहे।

## खिचड़ी वितरण कार्यक्रम हुआ संपन्न

कानपुर। यशोदा नगर बाईपास लोहड़ी के मौके पर कुछ दानी लोग दानपुन्य से प्रेरित होकर लोगों को कराया खिचड़ी का भोज। खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय श्रीवास्तव, विवेक सिंह चंदेल, आशीष शर्मा, अनुज शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस आयुक्त ने एक दिवसीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश गिरोहबंद अधिनियम और गिरोहबंद नियमावली पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने किया।इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध विपिन कुमार मिश्रा और अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर भी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में संयुक्त निदेशक अभियोजन, कमिश्नरेट लखनऊ, अवधेश कुमार सिंह ने अधिनियम के प्रावधानों और कानूनी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम में अपर निदेशक अभियोजन सुरेश चंद्र पाठक, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अजय श्रीवास्तव, अभियोजन अधिकारी डॉ. लवलेश कुमार, सभी जोनों के पुलिस उपायुक्त व सहायक पुलिस आयुक्त सहित सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

### एंटीरोमियो टीम का जागरूकता अभियान

कानपुर 15 जनवरी (निस)। विभिन्न एंटीरोमियों टीमों द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा और नारी स्वावलंबन के विषय में जागरूक किया गया। इस अभियान में महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 1076, 1098, 112, 181, 1930 आदि की जानकारी दी गई।

## पूर्व सभापति को मोबाईल मैसेज के जरिए धमकी दिए जाने के विरोध में सौंपा ज्ञापन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। प्रजापति महासभा कानपुर उत्तर प्रदेश के संगठन द्वारा 5 सूत्रीय मांग पत्र प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को संयुक्त रूप से सौंपा गया है जिसमें प्रजापति समाज के गौरव जनप्रिय लोकप्रिय एवं समाजसेवी पूर्व एमएलसी पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्व सभापति ऊर्जा समिति विधान परिषद उत्तर प्रदेश को अपराधी किस्म के अराजक तत्वों द्वारा 5 जनवरी व 6 जनवरी 2025 को मोबाइल नंबर 9415905870पर मो. न. 9457104982 से मैसेज के माध्यम से धमकी दी गई है कि तेरा मरने का समय आ गया है 2027 मे तेरी जगह मुझे लेनी है कोई तांत्रिक तुझे नहीं बचा पाएगा जिसे प्रजापति समाज ने गंभीरता से लेते हुए दयाराम प्रजापति को जेड प्लस सुरक्षा सरकारी खर्चे पर देने एवं अभियुक्तों के आप मुकदमा पंजीकृत करने उनकी शीघ्र गिरफ्तारी की जाये एवं उन सभी के खिलाफ कठोर कार्रवाई शीघ्र करने की मांग पत्र सौपा गया है अभियुक्तों के खिलाफ समय बद्ध कार्रवाई नहीं की गयी तो प्रजापति महासभा कानपुर उत्तर प्रदेश मजबूरन बस प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगी इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति प्रमुख महासचिव मदनपाल प्रजापति वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश वर्मा प्रजापति महासचिव हरी लाल प्रजापति उपाध्यक्ष राजेश प्रजापति एवं राजीव चक्रवर्ती प्रजापति कोषाध्यक्ष रोहित प्रजापति आकाश प्रजापति आलोक प्रजापति युवा मंडल अध्यक्ष शोभित प्रजापति अन्नू प्रजापति सरजू प्रसाद प्रजापति सागर प्रजापति संजय प्रजापति सुनील प्रजापति राजकुमार प्रजापति रामपाल प्रजापति आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941







बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।